Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 264 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, बुधवार 17 अप्रैल 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रुपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

सहिष्णुता कायता का चिंह नहीं है, वीरता का फल है।

Forbearance is not a sign of coward ness, it is the result of breveness.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

वरिष्ठ निर्यापक श्रमण समय सागर जी का आचार्य पदारोहण समारोह सम्पन्न

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की धार्मिक विरासत को यथाशक्ति उत्तरोत्तर बढ़ाएंगे : नवाचार्य समय सागर जी

कुंडलपुर महामहोत्सव में चतुर्विध संघ, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, समाज श्रेष्ठी अशोक पाटनी सहित वरिष्ठ राजनेताओं एवं समाज श्रेष्ठियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ भव्यातिभव्य समारोह : जुटे लाखों श्रद्धालुजन



कुंडलपुर (विश्व परिवार)। आज सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में आयोजित आचार्य पद पदारोहण अति भव्य समारोह में वरिष्ठ निर्यापक श्रमण श्री समय सागर जी महाराज को आचार्य पद पर विभूषित किया गया। अपरांह्न से आरंभ हुए समारोह में देश भर से जुड़े लाखों श्रद्धालु जनों, समाज श्रेष्ठि जनों के मध्य आचार्य श्री को सिंहासन पर प्रतिस्थठापित कर जैन समाज में एक नए युग का शुभारंभ हुआ।

आयोजन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ संचालक श्री मोहन भागवत रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, कैबिनेट मंत्री श्री प्रहलाद पटेल राज्यसभा सांसद श्री नवीन जैन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी डी शर्मा, राज्यमंत्री लखन पटेल समाजश्रेष्ठी अशोक पाटनी आरके मारबल आदि रहे।

इस अवसर पर आचार्य भगवान के रूप में मुनि श्री समय सागर जी को सिंहासन पर विराजमान करने के लिए सभी वरिष्ठ निर्यापक मुनिराजो ने पद ग्रहण करने के लिए आग्रह किया और उन्हें सिंहासन पर विराजमान कर पदारोहण कार्यक्रम को संपन्न किया।

नवोदित आचार्य श्री समय सागर महाराज ने पदारोहण के उपरांत अपने प्रथम संबोधन में अपनी विनय पूर्ण शैली में स्पष्ट किया कि ये चतुर्दिक संघ मेरा नहीं, परम् पूज्य आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज का था, है, और रहेगा। मैं तो संघस्थ साधक हूं। आचार्य गुरुदेव की परंपरा को सीमित शक्ति सामर्थ्य के माध्यम से हम सब आगे बढ़ायेगें। हम तो शक्तिहीन हैं जो भी सामर्थ्य हैं वो गुरुदेव प्रदत्त है। गुरुजी ने ही हमें बताया कि उचित दिशा और निर्धारित पथ पर यदि चींटी की चाल से भी चलते रहोगे तो लक्ष्य मिल जायेगा।हमें उनके प्रकाश में ही चलते रहना है। आचार्य श्री ने कहा कि हमें आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महामुनिराज की धार्मिक विरासत को अपनी पूर्ण शक्ति सामर्थ्य के अनुसार निरंतर आगे बढ़ाते रहना है।

निर्यापक मुनि श्री सुधासागर महाराज ने आगमायुक्त श्रमण परंपरा को विस्तार से जानकारी दी। उसी प्रासंगिक पूर्वाचार्यों की श्रृंखला में ये संपूर्ण संघ आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज का श्रमण संघ है। आपने बताया कि वृक्ष की ही शाखा, उपशाखा, डाली, पत्ते, फूल फल होते हैं। मेरा उपसंघ नहीं है मैं स्वयं संघस्थ हूं।

योगसागर महाराज जी ने आचार्य महाराज की समाधि के समय को बताते हुये कहा कि गत आठ फरवरी को आचार्य महाराज ने दीर्घ प्रतिक्रमण किया और नौ फरवरी को दोपहर में हमें बताया कि मैं आचार्य पद के दायित्व से मुक्त हो चुका हूं। मुझे इस पद का कोई विकल्प नहीं मैं पूर्णतया मुक्त हूं, मेरी संकल्प पूर्वक सल्लेखना चल रही है।मेरी समाधि के उपरांत ये सार्वजनिक कर देना कि निर्यापक मुनि श्री समय सागर महाराज को संघ के आचार्य पद पर प्रतिष्ठित कर देना। निर्यापक संघ को विकसित, पल्लवित करें एक। शिक्षा दीक्षा धर्म का विस्तार करें।मेरा आशीर्वाद है। आपने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का संदेश सार्वजनिक करते हुये कहा कि उनकी आज्ञा का पालन करना ही मेरा कर्तव्य है।

आचार्य महाराज की समाधि का स्मरण करते हुये निर्यापक मुनि श्री समतासागर महाराज ने कहा कि अंतिम समय में आचार्य महाराज काया से अस्वस्थ और दुर्बल थे मगर मन से स्वस्थ और सशक्त थे।हम चार मुनि भी सौभाग्यशाली थे कि अंतिम समय में हमें उनका चरणसानिध्य और आशीर्वाद मिला।

निर्यापक मुनि अभयसागर महाराज ने बताया कि 131 मुनिदीक्षा, 172 आर्यिका दीक्षा सहित 508 भव्य जीवों को मोक्षपथ पर अग्रसर किया।ये एक दुर्लभ संयोग है कि आचार्य महाराज के प्रथम शिष्य गृहस्थ के लघुभ्राता और अंतिम शिष्य गृहस्थ अवस्था के अग्रज हैं। पहले मुनि समयसागर जी और अंतिम एक सौ इकतीसवें मुनि उत्कृष्ट सागर जी।

आचार्य पद पदारोहण समारोह का संचालन वरिष्ठ मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने किया। मुनि श्री प्रणम्य सागर व मुनि श्री संभवसागर महाराज ने अपने वचन प्रगट किये।

आरके मारवल के संचालक श्रावक श्रेष्ठी श्री अशोक पाटनी ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज दिव्य पुरुष थे। चतुर्थकालीन चर्या करते हुये अनेक जीवों को मोक्षमार्ग पर अग्रसर किया।मंगलाचरण सुषमा दीदी, नीरज दीदी ने किया।

ज्येष्ठ निर्यापक मुनि श्री नियमसागर के मंत्रोच्चार के साथ आचार्य श्री के मुनिसंघ और निर्यापक श्रमणों ने लाखों श्रावकों के हर्षोन्नाद के साथ नवोदित आचार्य श्री समयसागर जी महाराज को आचार्य पद पर पदारूढ़ कराते हुये नवीन आसन पर विराजमान किया। इसके साथ ही आज यह की तिथि जैन इतिहास और परंपरा में स्वर्णांकित हो गई।

आचार्य पदारोहण का दृश्य देखने को देवताओं की आंखें भी तरस रही होंगी: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज कुण्डलपुर में आचार्य पदारोहण महामहोत्सव में आकर ऐसा लग रहा है कि देवताओं की भी आंखें तरस रही होगीं आज के इस दृश्य को देखने को, आचार्य समय सागर जी महाराज के पदारोहण के इस दृश्य को देखकर हम सभी इसे समझने की कोशिश करते रहेंगे, लेकिन सही अर्थ में यह हमें समझ में नहीं आएगा कि हम कौन सी दुनिया में पहुंच गए हैं। यह विचार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज देश के सबसे बड़े जैन तीर्थ स्थल कुण्डलपुर में आचार्य मुनिश्री समय सागर महाराज के आचार्य पदारोहण महा महोत्सव में व्यक्त किये। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत भी उपस्थित थे। डॉ मोहन यादव ने कहा कि ऐसा लग रहा है परमात्मा ने यह क्षण देकर हमारे जीवन को धन्य कर दिया हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, धन्यवाद करता हूं।

उन्होंने कहा कि अपने जीवन काल में आचार्य विद्यासागर जी महाराज जीते जी देवत्व धारण कर गये, उनकी कृपा से हमारी सरकार बनी तो हमने पहली कैबिनेट के पहले निर्णय में कुछ बातें इस प्रकार से जोड़ी, जिस कारण से हमारी सनातन संस्कृति युगो-युगो से दुनिया में अलग जानी जाती है।

डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति 2020 लागू हुई है, जिसके माध्यम से भारत को गौरवशाली भारत के रूप में जाना जाएगा। उस गौरवशाली भारत की भावी पीढ़ी को उस लायक बनाया जाएगा, जिसके कारण वह गर्व महसूस कर सके और गौरान्वित हो सकें। हमने भगवान महावीर स्वामी के वीरपदों एवं 24 तीर्थंकरों के वीरपदों को पाठ्यक्रम में हिस्सा दिया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सागर में शुरू किए जाने वाले आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज का नाम आचार्य विद्यासागर महाराज के नाम से किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने निर्णय लिया के खुले में मांस नहीं बिकने दिया जाएगा, जिसका पालन भी कराया गया है।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा, पंचायत एवं ग्रामीण तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री श्री लखन पटेल, संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व न्यास एवं धार्मिक न्याय राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, पूर्व मंत्री एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉं रामकृष्ण कुसमरिया, विधायक हटा उमादेवी खटीक, विधायक सागर शैलेन्द्र जैन, हिदानंद शर्मा, पूर्व विधायक अजय टंडन सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

आचार्य श्री ने भारत को भारत बनाएं रखने का मार्गदर्शन दिया : मोहन भागवत

समारोह को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि आर एस एस के सर संघचालक मोहन भागवत ने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज सरल शब्दों में भारत के विकास की राह बता देते थे। उन्होंने भारत को भारत बनाएं रखने का मार्गदर्शन दिया, जिस पर निरंतर रूप से कार्य किया जा रहा है। अध्यात्म का प्रणेता ही भारत की आत्मा को पहचानता है। आचार्य महाराज भारत की आत्मा और संस्कृति को जानते थे।सत्य के बल पर उन्होंने ने स्वयं को भारत से एकाकार कर लिया था।जो एकाकार हो जाता है उसके लिये कोई पराया नहीं होता।

संक्षिप्त समाचार

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में 1410 बच्चों का स्वर्णप्राशन

रायपुर (विश्व परिवार)। बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्ति वर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर में आज 1410 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। स्वर्णप्राशन के साथ ही शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह काफी लाभदायक है। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235, 21 फरवरी को 1402 और 19 मार्च को 1720 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।

नवरात्र पर सतरुपा शीतला मंदिर में जसगीत-झांकी की मची धूम

दुर्ग (आरएनएस)। कसारीडीह सिविल लाइन स्थित मां सतरूपा शीतला मंदिर में आयोजित जसगीत झांकी कार्यक्रम में समाजसेवी सुरेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मां शीतला के दर्शन कर शहर की सुख समृद्धि के लिए कामना की। जस गीत झांकी कार्यक्रम में समाजसेवी सुरेंद्र शर्मा ने मंदिर में प्रस्तावित भव्य मुख्य प्रवेश द्वार के निर्माण के लिए 51 हजार रुपए सहयोग राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन लोक कलाकार शिवाकांत तिवारी ने किया। इस दौरान सतरूपा शीतल सेवा समिति अध्यक्ष रोमनाथ साहू, उपाध्यक्ष शिवसागर सिन्हा, सचिव प्रदीप देशमुख, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र धर्माकर, श्री साई मंदिर समिति के सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल, संतोष खिरोडकर आदि मौजूद रहे।

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 : समय-सीमा में करें सभी कार्यों का निपटारा : कलेक्टर

कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.एल. चौहान ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित समय- सीमा की बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखकर कार्यों का निपटारा समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में पेयजल, शौचालय, व्हील चेयर, वेबकास्टिंग सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को मतदान दिवस के 7 दिवस पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री चौहान ने प्रत्येक विधानसभा में 10-10 आदर्श मतदान केंद्र, 205 संगवारी मतदान केंद्र, 4 युवा मतदान केंद्र तथा 4 दिव्यांग मतदान केंद्र में आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने मतदान दलों के लिए बस एवं अन्य वाहन अधिग्रहण के लिए रूट का निर्धारण करते हुए आवश्यता अनुसार वाहन अधिग्रहण करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिए। इसके साथ ही मतदान के दिन सभी राजव अनुभागों में 2-2 वाहन आरक्षित करने कहा ताकि जरूरत पड़ने पर शीघ्र वाहन उपलब्ध हो सके। उन्होंने 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांग मतदाताओ के लिए होम वोटिंग के लिए सभी आवश्यक तैयारी करने कहा। कलेक्टर ने मतदान दलों का प्रशिक्षण, ईव्हीएम का कमीशनिंग, स्ट्रोंग रूम में आवश्यक व्यवस्था, मतदान सामग्री वितरण एवं संग्रहण, मतदान सामग्री वितरण स्थल पर मतदान दलों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं सहित स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पर विस्तार से समीक्षा करते हुए जरूरी निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री दिप्ती गौते, सहायक कलेक्टर सुश्री नम्रता चौबे, संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अन्य विभागो के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कारखानों, संस्थाओं में कार्यरत श्रमिक, कर्मचारियों को मतदान तिथि को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

पड़ोसी राज्य के छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार-व्यवसाय में नियोजित को भी गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन मिलेगा सवैतनिक अवकाश

सप्ताह में सातों दिन कार्य करने वाले कारखाने में प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन 02-02 घंटे का अवकाश

रायपुर (विश्व परिवार)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के तहत् लोकसभा निर्वाचन, 2024 हेतु नियत मतदान तिथि में कारखाना अधिनियम, 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1953 के अंतर्गत आने वाले कारखानों, संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक, कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ राज्य के संसदीय क्षेत्र में मतदान की तिथि को राज्य शासन द्वारा सवेतन अवकाश घोषित किया गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य के संसदीय क्षेत्र बस्तर में 19 अप्रैल, राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर में 26 अप्रैल और सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर में 7 मई को मतदान होना है।

इसी प्रकार पड़ोसी राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार-व्यवसाय में नियोजित है, ऐसे नियोजित और कार्यरत संबंधितों को भी उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड एवं तेलंगाना राज्य के लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु निर्धारित मतदान तिथि आंध्रप्रदेश में 13 मई, उड़ीसा में 13, 20, 25 मई और एक जून को, महाराष्ट्र में 19, 26 अप्रैल तथा 07, 13 और 20 मई को, मध्यप्रदेश में 19 और 26 अप्रैल तथा 7 एवं 13 मई को, उत्तरप्रदेश में 19 एवं 26 अप्रैल तथा 7, 13, 20, 25 मई और एक जून को, झारखण्ड में 13, 20 और 25 मई तथा एक जून को, तेलंगाना में 13 मई को मतदान होना है।

साथ ही राज्य शासन द्वारा ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते है, वहां प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन को 02-02 घंटे का अवकाश घोषित किया गया है तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

एक व्यक्ति को कैश 10 लाख रुपए के साथ पकड़ने एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपूर्द करने के संबंध में

रायपुर (विश्व परिवार)। दिनांक 04.2024 को मंडल टास्क टीम रायपुर 1 एवं आरपीएफ पोस्ट रायपुर के अधिकारी एवं स्टाफ द्वारा मंडल सुरक्षा आयुक्त रायपुर महोदय के मार्गदर्शन में तथा पोस्ट प्रभारी रायपुर के नेतृत्व में उप.निरीक्षक केबी गुप्ता सहायक उप निरीक्षक डी.के वर्मा प्रधान आरक्षक पी.के मेश्राम प्रधान आरक्षक जे. एल. कौशल के साथ गाडी संख्या 12069 जनशताब्दी एक्सप्रेस को प्लेटफॉर्म 01 में जांच के दौरान कोच संख्या सी-03 से उतर कर बाहर जाते हुए एक व्यक्ति को सीढ़ी के पास रोका गया नाम पता पूछने पर जितेंद्र बोरकर पिता अशोक बोरकर उम्र 40 वर्ष निवासी चंदन आवास 4/50 राजकिशोर नगर बिलासपुर थाना सरकंडा जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) बताया उसके पास रखे नीले रंग बैग के बारे में पूछने पर बैग में कैश होना बताया और कैश 10,000,00 रुपए (दस लाख) होना बताया उक्त कैश ले जाने के संबंध में कागजात की मांग करने पर मौके पर कोई वैद्य कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। उक्त जानकारी अविलंब वरिष्ठ अधिकारियों को देते हुये उक्त व्यक्ति को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर लाया गया जहां अविलंब उडन दस्ता विधान सभा रायपुर उत्तर क्षेत्र के उडनदस्ता के कार्यपालक मजिस्ट्रेट दीप्ति तिवारी मेम को जानकारी दिया गया। उक्त सूचना पाकर उडनदस्ता टीम रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर में पहुंचकर उक्त कैश ?10,000,00 (दस लाख रुपये) को उपस्थित गवाहों के समक्ष गिनती कर मौके पर उडनदस्ता कार्यपालक मजिस्ट्रेट दीप्ति तिवारी मेम द्वारा जप्ती की कार्यवाही कर अपने कब्जे में लिया गया। तथा जप्ती एवं कार्यवाही की सूचना डिप्टी डायरेक्टर आयकर 2 नया रायपुर को मेल के माध्यम से सूचित किया गया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
शुद्धिपत्रक
ई-निविदा सं. वरि.डिईई-जी-आर-ओटीपी-23-24-32, दिनांक : 15.03.2024
कार्य : दुर्ग स्थित प्राथमिक ट्रेनों (आईसीएफ और एलएचबी) के एसी कोचों में एक वर्ष के लिए एसी कोच इलेक्ट्रिकल अटेंडेंट (एसीईए) की आउटसोर्सिंग । निविदा जमा कराना: पूर्व में प्रकाशित: दिनांक 30.04.2024 को 11.30 तक, इस प्रकार पढे: दिनांक 27.05.2024 को 11.30 बजे तक। अन्य सभी शर्तें एवं नियम अनुबंध एग्रीमेंट का मूल्य और निविदा अनुसूची का विवरण अपरिवर्तनीय रहेगे।
मंडल विद्युत अभियंता (जी),
मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत-जी),
द.पू.म. रेलवे, रायपुर-492008
पीआर/आर/सिनी.डीईई(जी)/एपी/07
South East Central Railway @secrail

कोरबा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने दाखिल किया नामांकन पत्र

रायपुर (विसं)। कोरबा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान दीपक बैज ने कहा, कोरबा की जनता का उत्साह, प्रेम और अपार जनसमर्थन स्पष्ट संकेत दे रहा है कि पुन: इस बार कोरबा लोकसभा में कांग्रेस की जीत निश्चित है।

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत , पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल सहित वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

बता दें कि कोरबा और रायगढ़ समेत छत्तीसगढ़ की सात सीटों पर नामांकन दाखिले की अंतिम तारीख 19 अप्रैल है। बीजेपी ने जहां राधेश्याम राठिया को चुनावी मैदान में उतारा है वहीं, कांग्रेस ने डॉ मेनका सिंह को टिकट दिया है। मेनका सिंह ने अभी नामांकन जमा नहीं किया है। सातों सीटों पर 7 मई को वोटिंग होगी।

राष्ट्रभाषा हिन्दी साहित्य सम्मेलन में हिन्दी वीरों का हुआ सम्मान

हिन्दी राष्ट्रभाषा ही नहीं इस देश की सम्मान व पहचान है : डॉ. वर्मा

जशपुरनगर (विश्व परिवार)। अंकभारती के संचालक डॉ. रविन्द्र वर्मा ने अंकभारती के द्वारा हिन्दी नागरी अंको का इतिहास उसके वतर्मान स्थिति और उपयोग पर प्रकाश डालते हुए किए जा रहे प्रयास और हिन्दी के बढ़ते कदम पर अपने विचार व्यक्त किया। उन्होंने राज्य में हिन्दी माध्यम विद्यालय बचाव आंदोलन और अपने राष्ट्र भाषा में ही शिक्षा दीक्षा हो पर जोर दिए जाने की बात कही। उन्होंने अंकभारती संस्था द्वारा अब तक कि गए प्रयास और वर्षों से संचालित हिन्दी विद्यालय को आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम में तब्दील कर हिन्दी माध्यम विद्यालय को बर्बाद कर हिन्दी के साथ किए जा रहे भेदभाव और उपेक्षा पर चर्चा की गई। डॉ. वर्मा ने हिन्दी माध्यम विद्यालय के पुर्नउत्थान के लिए प्रयास को अवगत कराया। डॉ. वर्मा ने कहा आओ हिन्दी अंको की ओर लौटे, हिन्दी लिखें पढ़े हिन्दी का सम्मान करें। हिन्दी देश की राष्ट्रभाषा ही नहीं हिन्दी इस देश की सम्मान व पहचान है।

यह बात उन्होंने अंकभारती के तत्वाधान में आयोजित सरस्वती शिशु मंदिर बसंत बिहार के सभागार में राष्ट्रभाषा हिन्दी साहित्य सम्मेलन में कही। जिसमें छत्तीसगढ़ के रायपुर, बलरामपुर, अम्बिकापुर, जशपुर जिले के अलावा झारखंड के कवि, लेखक, साहित्यकार, पत्रकार व समाजसेवी शामिल थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील कुमार जायसवाल, हिन्दी माध्यम विद्यालय बचाओ अभियान के संयोजक, विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार पाण्डेय अभियान आन्दोलन नेतृत्व व देवेन्द्र राव देशमुख अखिल भारतीय वैदिक गणित के संयोजक, डॉ बलराम प्रसाद गुप्ता प्रांतीय सचिव हिन्दी परिषद समेत हिन्दी की सेवा में लेखकों, कवियों, पत्रकारों को ढोल नागाड़े के साथ तिलक लगा कर पुष्प वर्षा करते हुए सभा भवन तक लाया गया। डॉ. रविन्द्र वर्मा ने गुलदस्ता प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुवात मां भारती के छाया चित्र में दीप प्रज्वलित कर किया गया। राजेंद्र प्रेमी के द्वारा हिन्दी भाषा पर कविता प्रस्तुति किया गया। लोदाम के कवि हरिनाथ दास ने पर्यावरण पर कविता प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पारसनाथ जयसवाल ने तिरंगा लहरे कविता की प्रस्तुति दी। मंच संचालन सुभाष चन्द्र वर्मा ने किया। यह सम्मेलन राष्ट्रीय भाषिक महत्व का था, जिसमें परिसंवाद आत्मानन्द स्कूल और हिन्दी विद्यालय। देवनागरी अंकों की वैज्ञानिकता, विलुप्तता और आवश्यक पर चर्चा हुई।

हिन्दी अंको की होगी वापसी : डॉ. बलराम प्रसाद गुप्ता ने अपने उद्बोधन में हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा अंग्रेजी संपर्क भाषा, हिन्दी राष्ट्रभाषा है। उन्होंने कहा मैं बहुभाषी हूं पर हिन्दी अंको का प्रयोग करता हूं। हिंदुस्तान में हिन्दी भाषा को बढ़ावा देना चाहिए आज हिन्दी के अंक विलुप्त हो रहें हैं अंग्रेजी भाषा की घुसपैठ हिन्दी के प्रभाव को कम कर रहीं है। हिन्दी सेवकों के प्रयासों से हिन्दी अंको की पाठ्?यक्रम में वापसी होगी।

यह हुए सम्मानित

राष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन में उपस्थित कवियों, साहित्यकारों, पत्रकारों व समाजसेवकों को अंक भारती संस्था के द्वारा सम्मानित किया गया। महर्षि नारद पत्रकारिता सम्मान जितेन्द्र सिंह, नर्मदेश्वर नवीन ओझा, सतेन्द्र कुमार पाठक, राजू सिंह, मो. अमानुल्ला मलिक, आशीष मिश्रा, जितेन्द्र नारायण सिंह को भामाशाह सम्मान डॉ. रोशन बरियार, डॉ साकेत वर्मा, आभा रानी, राष्ट्र ?भाषा स्वतंत्रता सेनानी एवं हिन्दी सम्मान चंदकांति भगत, जनार्दन सिंह, दिनेश कुमार सिंह, नील कुसुम तिर्की, मो. मोहिसिन खान, सुखसागर सिंह, शोभा सिंह, विजय कुमार विश्वकर्मा, विजय बहादुर यादव, सुजीत कुमार जयसवाल, अपूर्व त्रिपाठी अंकरत्न सम्मान देवेन्द्र राव देशमुख एवं राजर्षि पुरषोत्तम दस टंडन हिन्दी सेवा सम्मान द्रोपती यादव, डॉ. बलराम प्रसाद गुप्ता, राजेन्द्र प्रेमी, ममता सिन्हा पारसनाथ जयसवाल, हरिनाथ दास मनिकपुरी, वासुदेवराम यादव, गणेश नारायण मिश्र, सुभाष चन्द्र वर्मा, मंगरा राम महतो, डॉ. मृगेन्द्र सिंह. आशुतोष शर्मा को सम्मानित किया गया।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com
पत्र क्र. /10664/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 15-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10664
वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR802I00334 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ANKITA SINGH पिता/पति, श्री/श्रीमती SANJAY SINGH के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती REETA DEVI MISHRA पिता/पति, श्री/श्रीमती VIJAY MISHRA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
पत्र क्रं./10692/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 16-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10692
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-RPR652F01484 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती MAA SHARDA CONS. BY PARTNER, MAHESH DHANGAR S/O DOMU RAM, SHARDA DHANGAR W/O MAHESH DHANGAR, JIGYASA D/O MAHESH DHANGAR, SHEKHAR, ROHIT, DOMU RAM पिता/पति, श्री/श्रीमती UMRAO DHANGAR के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. JAGESHWAR RAO KHRAWDE, 2. VIJAY KUMAR KHARVADE पिता/पति श्री/श्रीमती S/O DINKAR RAO KHARVADE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com
आम-सूचना
सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत परसुलीडीह रायपुर, स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-206 श्रीमती पूजा वजरे पति श्री संदीप वजरे के नाम से भाड़ाक्रय आधार पर आबंटन किया गया है। आबंटी द्वारा अपने पक्ष में दिनांक 14.03.2023 को सेलडीड पंजीकृत कराने के उपरांत पूर्ण मूल्य जमा कर उक्त भवन का इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2333 दिनांक 31.03.2023 के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्रीमती पूजा वजरे पति श्री संदीप वजरे निवासी- हाउस नं.-299, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) उक्त भवन को श्रीमती गौरी साहू पति श्री रमेश चन्द्र साहू निवासी- हाउस नं. ई.डब्ल्यू.एस. 182, परसुलीडीह टेकारी-2 रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com
पत्र क्रं./10669/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 16-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10669
वार्ड का नाम- 36- हवलदास अब्दूल हमीद वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-RPR436H00234 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती BIMAL KUMAR SARANGI पिता/पति, श्री/श्रीमती LT. TEJPAL SARANGI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री तन्मय मुधा पिता/पति, श्री/श्रीमती पिता- श्री प्रवीण जैन ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com
पत्र क्रं./10461/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 16-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10461
वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-RPR220H00123 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती MUKESH SINGH, RAJESH SINGH, S/O SUDAMA, SANGEETA SINGH W/O RAJESH SINGH पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको 1. श्री मुकेश सिंह 2. श्री राजेश सिंह दोनों के पिता स्व. श्री सुदामा सिंह पिता/पति, श्री/श्रीमती 2. श्रीमती संगीता सिंह पति- श्री राजेश सिंह ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
पत्र क्रं./10690/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 16-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10690
वार्ड का नाम- 59 - मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 59 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-RPR653K00182 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती KISHOR KUMAR MASIH पिता/पति, श्री/श्रीमती AAIJIK MASIH के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती KAHKASHA PARVEEN पिता/पति श्री/श्रीमती W/O SHEIKH RIZWAN RAZA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ MALBA BIKRINAMA, SAPATH PATRA, PUNCHNAMA/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
पत्र क्रं./10689/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 16-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10689
वार्ड का नाम- 59 - मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 59 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-RPR653O00007 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती BHANU PRATAP SONI पिता/पति, श्री/श्रीमती MANGAL RAM SONI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती DURGA SONI पिता/पति श्री/श्रीमती W/O LATE BHANUPRATAP SONI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ DEATH CERTIFICATE, SAHMATI PATRA, SAPATH PATRA/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
पत्र क्रं./10687/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 16-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10687
वार्ड का नाम- 59 - मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 59 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-RPR653E00067 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती CHANDAN KARMAKAR पिता/पति, श्री/श्रीमती MALTI KARMAKAR के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. MOHAMMAD SAHIL BHATI TELI, 2. MOHAMMAD IMRAN BHATI TELI पिता/पति श्री/श्रीमती S/O MOHAMMAD HAJI HAIDER BHATI TELI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ MALBA BIKRINAMA, SAPATH PATRA, PUNCHNAMA/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
पत्र क्रं./10684/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 16-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10684
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-RPR652G00851 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती NOOR MOHAMMAD पिता/पति, श्री/श्रीमती ABDUL MUNAF के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती CHANPA GOSWAMI पिता/पति श्री/श्रीमती W/O SUBHASH GOSWAMI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
पत्र क्रं./10691/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 16-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10691
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-RPR652F01041 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती MAA SHARDA BUILDCOM BY PARTNER, MAHESH DHANGAR, SHARDA DHANGAR, SHEKHAR, JIGYASA, ROHIT, DOMURAM पिता/पति, श्री/श्रीमती DOMURAM DHANGAR के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती PUSPA SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती W/O NILKANTH SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे डॉ. अम्बेडकर-महापौर

सामाजिक समानता, मौलिक अधिकार, मानवीय न्याय, समाजवाद तथा देश की एकता के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे।

कोरबा(विश्व परिवार)। डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर बाबा साहेब लोकप्रिय, भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित एवं बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और दलितों के खिलाफ सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया। श्रमिकों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री एवं भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे। उक्त कथन महापौर राजकिशोर प्रसाद ने डॉ. अम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में आयोजित कार्यक्रम में उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कही। सभापति श्याम सुंदर सोनी ने बताया कि कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान के शोध कार्य में ख्याति प्राप्त की। जीवन के प्रारम्भिक कैरियर में वह अर्थशास्त्र के

प्रोफेसर रहे एवं वकालत की। बाद का जीवन राजनीतिक गतिविधियों में बीता। 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया। 1990 में, मरणोपरांत उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री यू.आर. महिलांगे ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का जीवन सामाजिक चिंतन पर आधारित था। सामाजिक समानता, मौलिक अधिकार, मानवीय न्याय, समाजवाद तथा देश की एकता के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने बताया कि 15 अगस्त 1947 को भारत के स्वतंत्र होते ही पं. जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में बनी सरकार में डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री का पद संभाला था। उन्होंने आगे बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर पूरी शक्ति से जीवन भर सामाजिक उत्थान व विकास के लिए कार्य करते रहे। ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर ने कहा कि वे हर समाज के प्रेरक थे। उनका दर्शन सामाजिक चिंतन पर ही आधारित था। सामाजिक समानता, मौलिक अधिकार, मानवीय न्याय, समाजवाद तथा देश की एकता के लिए संघर्ष के पथ में उन्होंने अपने प्राणों की आहूति भी दी। सेवादल प्रमुख प्रदीप पुरायणे, रवि खुंटे, ए.डी जोशी, गणेश राम खुंटे, धना दास महिलांगे, किशन मिरी, रामगोपाल यादव, पंचराम निराला, विजय आनंद, पुष्पा पात्रे, रामचन्द्र, सरोज बघेल ने भी संबोधित किया। इन्होने बताया कि डॉ साहब जहां भी सम्मेलनों व सभाओं को सम्बोधित करते जय भीम के ऊंचे नारों से गगन (आसमान) गूंज उठता था। जिला कांग्रेस कार्यालय के बाद ओपन थियेटर पहुंचकर वहां स्थापित डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया गया और जय भीम के नारे लगाये गये।

वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण ले रहे कामगारों का चाय नाश्ता बंद कराया प्रबंधन ने

कोरबा(विश्व परिवार)। एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत सिंघाली खदान के प्रबंधन द्वारा श्रमिकों को वर्षों से मिल रहे सुविधाओं को छीनने का कोशिश किया जा रहा है इस कड़ी मे सिंघाली मे स्थित वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में प्रबंधन ने एक अप्रैल से प्रशिक्षण ले रहे कामगारों को नाश्ता व खाना देना बंद कर दिया है। इस संबंध मे एटक के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने बयान जारी कर कहा है कि सिंघाली प्रबंधन ने जो हरकत किया है वो पूरी तरह से गैरकानूनी ही नहीं बल्कि मजदूर विरोधी है उन्होंने आगे कहा कि एटक संगठन पूरी ताकत के साथ इस मसले पर प्रबंधन का मुखालफत करेगा। दीपेश मिश्रा ने कहा कि विभिन्न खदानों से जो श्रमिक सिंघाली मे स्थित वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर मे वी.टी.सी या रिफ्रेशर कोर्स का प्रक्षिक्षण ले रहे है उन सभी कामगारों को नाश्ता व खाना एकाएक बंद कर देना कतई ठीक नहीं है दीपेश मिश्रा ने आगे कहा कि कामगार खदान मे सुरक्षित तरिके से कैसे कार्य कर सके इसके लिए सिंघाली वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में श्रमिकों को प्रशिक्षित किया जाता है जोकि कोल माइन रेगुलेशन के तहत जरूरी भी है उन्होंने आगे बताया कि खदानों मे कामगारों को उनके जाब के अनुसार ही वी.टी.सी या रिफ्रेशर प्रक्षिक्षण देना ये नियमों के मुताबिक है जोकि कोल माइन्स रेगुलेशन मे उल्लेखित है इसमें यह भी प्रावधान है की जो भी श्रमिक वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग लेगा उन्हें दो टाइम का खाना व नाश्ता मुफ्त मे प्रबंधन मुहैया कराएगी ये सब कोल माइंस रेगुलेशन के प्रावधानों के तहत ही है परंतु यह बहुत ही गंभीर बात है कि सिंघाली वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर के प्रभारी ने एक अप्रैल से ट्रेनिंग ले रहे श्रमिकों को भोजन एवं नाश्ता नहीं दे रहे है ये सब ठीक नहीं है उन्होंने अंत मे कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले सिंघाली परियोजना के खान प्रबंधक एवं ढ़ेलवाडिह उपक्षेत्र के सब एरिया मैनेजर को चेताया की सिंघाली वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर मे जो एकतरफा कार्यवाही कर ट्रेनिंग करनेवाले कामगारों का भोजन व नाश्ता जो बंद है उसे तत्काल चालू किया जाए अन्यथा एटक इस मसले को लेकर सीधी कार्यवाही करने के लिए बाध्य होगा।

दुर्घटनाओं से सर्तक, परसाभाठा क्षेत्र की सड़क होगी चौड़ी

कोरबा(विश्व परिवार)। शराब के नशे में दोपहिया चलाने और खुद होकर ट्रेलर से भिडने में तीन की मौत और इसके अगले दिन ट्रेलर से ऑटो की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत के बाद महसूस किया गया है कि बालकोनगर क्षेत्र की सडकों के मामले में कुछ करना होगा। प्रशासन ने इस इरादे से एक हिस्से की सडक चैड़ा करना तय किया है। कलेक्टर अजीत वसंत ने परसाभाठा बालको से बजरंग चैक तक सडक चैड़ीकरण सर्वे किए जाने एवं प्राक्कलन तैयार किए जाने हेतु दल का गठन किया है। कलेक्टर द्वारा गठित दल में अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) कोरबा, अपर आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा, जिला परिवहन अधिकारी, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन अभियंता छग रा वि वितरण कम्पनी कोरबा, अनुविभागीय अधिकारी (विद्युतध् यांत्रिकी) शामिल है। प्रशासन की ओर से सर्वे टीम गठित होने की जानकारी सार्वजनिक की गई है लेकिन इसमें स्पष्ट नहीं किया गया है कि परसाभाठा क्षेत्र की चैड़ी होने वाली सडक का निर्माण कौन कराएगा। याद रहे कोयला सहित अन्य भारी वाहनों का संचालन ध्यानचंद चैराहा, बालकोनगर रिंग रोड होते हुए आवाजाही करते हैं। शहर पर आवागमन का दबाव कम करने के लिए लिए यह विकल्प दिया गया है। ऐसे में अलग-अलग कारण से कई बार हादसे भी हो जाते हैं और इसे लेकर लोगों की नाराजगी प्रदर्शन के रूप में सामने आती है।

छत्तीसगढ़ की 11 सीटें, बनेगा आधार, एनडीए अब की बार 400 पार - अमर अग्रवाल

बिलासपुर(विश्व परिवार)। विधायक अमर अग्रवाल, ज़िला अध्यक्ष रामदेव कुमावत और जिला कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि ने भाजपा के संकल्प पत्र मोदी की गारंटी पर प्रेस वार्ता की। अमर अग्रवाल ने कहा कि सात चरणों में होने वाले चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी हुआ है। घोषणा पत्र के स्थान पर भाजपा ने संकल्प पत्र शुरू किया है। 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी हुआ है। विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से अपना संकल्प पत्र जारी किया है। इसकी पहली चार प्रतियां देश के चार सामाजिक स्तंभों का प्रतिनिधित्व करने वाली हैं। ये हैं गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (ज्ञ्ह)। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है।

आटो चालक ने दिखाई ईमानदारी, जेवरात भरे पर्स को सवारी को लौटाया

कोरबा(विश्व परिवार)। ऑटो में सफर करने के दौरान अक्सर कई लोग हड़बड़ी में गड़बड़ी कर जाते हैं और अपना बैग भूल जाते हैं। ऐसा ही मामला फिर से सामने आया था जहां एक महिला ने ऑटो से उतरने के दौरान सोने और चांदी के जेवरात से भरा हुआ बैग ऑटो में ही भूल गई थी। जब उसे पता चला कि उसका बैग छूट गया है तो उसके होश उड़ गए थे। लेकिन ऑटो चालक व ऑटो संघ ने ईमानदारी की मिसाल फिर से पेश की है और जेवरातों से भरा हुआ बैग सुरक्षित वापस सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार गायत्री बरेठ सोहागपुर की रहने वाली है जो पिछले दिनों ऑटो में सवार होकर अपने रिश्तेदार के घर बुधवारी आई हुई थी, इस दौरान वह अपना एक बैग ऑटो में ही भूल गई थी। जब वह घर पहुंची तो उसे पता चला कि वह अपना बैग साथ लाई ही नहीं है तब उसके होश उड़ गए क्योंकि बैग में सोने चांदी के जेवरात भरे हुए थे। महिला पिछले दो दिनों से अपने बैग की तलाश कर रही थी जहां ऑटो चालक को वह बैग ऑटो में ही मिला था उसने ईमानदारी के मिसाल पेश की थी और उसने जेवर से भरा हुआ बैग ऑटो संघ के सुपुर्द कर दिया था। ऑटो संघ सचिव यशवंत कौशिक ने गायत्री से संपर्क किया और सोमवार की सुबह उसे अपने कार्यालय में बुलाकर सोने चांदी से भरा हुआ बैग सुरक्षित गायत्री को सौप दिया है। सोने चांदी से भरा हुआ बैग सुरक्षित वापस पाकर परिवार की खुशी झलक उठी। इससे पहले भी ऑटो चालकों ने कई बार ऐसी ही मिसाल पेश की है। ऑटो संघ के सचिव यशवंत कौशिक ने कहा कि इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं लेकिन ऑटो संघ हमेशा से ईमानदारी की मिसाल पेश करते आया है और हमेशा ही गुम सामानों को मालिकों के सुपुर्द करने में सफलता हासिल की हैं।

बालको की प्रतिबद्धता से 3.3 लाख लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

कोरबा(विश्व परिवार)। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वित्त वर्ष 2024 में अपने सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजनाओं और अस्पताल के माध्यम से लगभग 3.3 लाख लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। कंपनी उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से समुदाय की सेवा कर रहा है। निवारक स्वास्थ्य देखभाल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए समुदाय को उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया है। इस वर्ष की थीम मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार को सार्थक करते हुए कंपनी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कंपनी ने 34 बुजुर्गों एवं विशेष रूप से सक्षम लोगों को सहायक उपकरण (वॉकिंग स्टिक, ट्राइपॉड, बैसाखी, वॉकर और व्हीलचेयर) वितरित करके समावेशी, सहायक और न्यायसंगत समुदाय बनाने की दिशा में एक सहायक उपकरण वितरण अभियान शुरू किया।

बालको ने भदरापारा एवं बेलाकछार में दो दिवसीय मल्टी स्पेशलिटी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया। कंपनी के द्वारा समुदाय तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किए गए मेगा शिविर में विभिन्न रोगों का उपचार एवं निशुल्क दवा दी गई। विशेषज्ञ सेवाओं में दंत चिकित्सक, त्वचा विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट और सामान्य चिकित्सक के साथ मधुमेह, रक्तचाप के लिए नैदानिक परीक्षण आयोजित किए गए। समुदाय के लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा उपचार के माध्यम से प्राथमिक और विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं। शिविर से लगभग 479 नागरिक लाभान्वित हुए। कंपनी के स्वास्थ्य एवं कल्याण प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए मोबाइल हेल्थ वैन (एमएचवी) 'उपचार आपके द्वार' थीम पर समुदाय को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। परामर्श सेवाओं के माध्यम से वैन 47 से अधिक समुदाय को स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहा है। जरूरतमंदों को सामान्य बीमारियों के लिए नि:शुल्क दवा एवं परामर्श और चिकित्सा सुविधाओं के साथ मुधमेह, उच्च रक्तचाप सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की सुविधा इकाई में मौजूद है। इस साल मोबाइल हेल्थ वैन से 15599 लोगों को लाभ मिला। बालको की आरोग्य परियोजना स्वास्थ्य देखभाल और समुदाय की सेवा करने पर केंद्रित है। कंपनी समुदाय के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्टों के माध्यम से निवारक और उपचारात्मक दोनों उपायों को शामिल कर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करती है। यह परियोजना कुपोषण और एनीमिया से निपटने पर विशेष ध्यान देने के साथ मातृ एवं शिशु देखभाल, एचआईवी, टीबी और नशा की लत से मुक्ति पर जागरूकता अभियान भी चलाती है। वित्तीय वर्ष 2024 में आरोग्य परियोजना से लगभग 49963 लोग लाभान्वित हुए हैं। कंपनी की नई किरण परियोजना माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन एवं स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करती है। स्वच्छता उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देने के साथ ही माहवारी स्वास्थ्य के स्थानीय चैंपियन विकसित किये हैं। अब तक इस परियोजना ने 57386 से अधिक समुदाय के सदस्यों को माहवारी के प्रति संवेदनशील बनाया है। कंपनी अपने नंद घर के माध्यम से महिला एवं बाल विकास के अत्याधुनिक केंद्र के रूप में कार्य करती हैं।

संक्षिप्त समाचार

मतदान कर्मियों को दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

कोरबा(विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल निष्पादन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में जिले के सभी विकास खंडों में मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कोरबा के विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज मतदान कर्मियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02 व 03 शामिल हैं। यह प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित हुआ। प्रथम पाली प्रात: 9:30 से 12:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित हुई। इसी प्रकार जिले के अन्य विकासखण्डों में भी मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। गौरतलब है कि विगत 02 अप्रैल 2024 से मतदान कर्मियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को समय पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया है। साथ ही अकारण अनुपस्थित रहने वाले प्रशिक्षणार्थियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

निर्वाचन कार्यालय में लगाई गई चाक-चौबंद ड्यूटी

कोरबा(विश्व परिवार)। जिले में लोकसभा के लिए प्रत्याशियों के नामांकन का सिलसिला शुरू हो गया है। इसके लिए चाक-चैबंद सुरक्षा व्यवस्था कलेक्टर अजीत वसंत एवं जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के नेतृत्व में की गई है। जानकारी के अनुसार अभी तक नामांकन दाखिले की प्रक्रिया में जो सुस्ती देखी जा रही थी वो कल से चुनावी सरगर्मी के साथ शुरू हो जाएगी। इसके लिए नामांकन दाखिले के लिए काउंटर भी बनाए गए हैं। यहां पर भारी संख्या में पुलिस के अधिकारियों को तैनात किया गया है। जिले के एसपी के नेतृत्व में कोरबा एएसपी यूपीएस चैहान, कटघोरा एएसपी श्रीमती नेहा वर्मा, कोरबा सीएसपी भूषण एक्का, दर्री सीएसपी तथा कटघोरा एसडीओपी पंकज ठाकुर के साथ ही जिले के समस्त थाना एवं चैकियों के प्रभारी अपने-अपने मातहतों के साथ लगाए गए ड्यूटी स्थलों पर कल से लग जाएंगे। जानकारी के अनुसार कल कांग्रेस प्रत्याशी का तथा अगले दिन भाजपा के प्रत्याशी का नामांकन दाखिले किये जाने की चर्चा जोर-शोर के साथ शुरू हो चुकी है। जिसके लिए प्रचार-प्रसार अभियान भी जोर पकडने लगा है।

बाबा साहब को डॉ. महंत ने अर्पित किये श्रद्धासुमन

कोरबा(विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। कोरबा व जांजगीर में डॉ. महंत ने बाबा साहब के छायाचित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि बाबा साहब ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्रात्मक देश भारत के संविधान की रचना की। भारतवासियों को समानता का अधिकार दिया। बाबा साहब के बताए रास्तों पर यह देश और देशवासी निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

सीएमएचओ ने ली विकासखण्ड स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक

रायगढ़(विश्व परिवार)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी द्वारा सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में विकासखंड स्तरीय मासिक समीक्षा एवं जिला कार्यालय के आरोग्यम् सभा कक्ष में आज समस्त विकासखंडवार मितानिन समन्वयक व जिला मितानिन समन्वयक के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एनीमिया मुक्त भारत, सिकल सेल जाँच, नियमित टीकाकरण, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, एनसीडी, सीएन.ए जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। चर्चा के दौरान दो महिला आर.एच.ओ पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सख्त कार्यवाही भी की गई। एनीमिया के लिये किशोर/किशोरियों तथा गर्भवती महिला का जाँच, सिकल सेल में 20 वर्ष से 40 वर्ष तक के सभी महिलाओं की जाँच, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का शुरूआती 6 महीने तक पता करके एनीमिक होने पर उनके लिये प्रसव होते तक आयरन, सुक्रोज का डोज दिये जाने हेतु निर्देश दिया गया जिससे एनीमिया की कमी से होने वाले गर्भवती महिलाओं की मृत्यु को रोका जा सकें साथ ही उनका विशेष ध्यान देते हुए फालोअप कर एमसीएच अस्पताल/मेडिकल कालेज में रिफर किया जायें तथा टीकाकरण के लिये जन्मजात बच्चे से लेकर 16 साल तक के बच्चों का एक भी टीकाकरण न छूटे, ऐसे समस्त बच्चों का टीकाकरण सेशन के दौरान विशेष ध्यान से टीकाकरण पूर्ण करने हेतु बताया गया तथा व्हीएचएसएनडी सेशन को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहकर पूर्ण करें ऐसा न होने पर उनकी फोटो खींचकर खंड चिकित्सा अधिकारी के पास बताने का निर्देश दिए।

संपादकीय

कंकड़ फेंक कर ठहराव तोड़ने की कोशिश......

अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक के एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन से सामान्य संबंध की बात की है। यह महत्त्वपूर्ण तो है ही, बल्कि माध्यम-स्रेत एवं मतदान के लिहाज से भी अनेक संकेत देता है। इसका प्राथमिक संदर्भ तो निश्चित ही भारत और चीन संबंध हैं पर इसके जरिए अमेरिका, रूस और तमाम यूरोपीय देश एवं वैश्विक समूहों-मंचों को एक स्पष्ट संदेश दिया गया है। इसके अपने सांदर्भिक महत्त्व हैं। देशज मतलब यह हो सकता है कि गलवान में 2020 की हिंसक झड़प के बाद से सीमा पर हालात सामान्य बनाए जाने पर ही संबंध सुधार की पहली सख्त शर्त एक थकान में बदलने लगी है। 21वें दौर की बातचीत का कोई बड़ा आउटपुट नहीं मिला है। यह विस्तृत सीमा विवाद को सुलझाने की छह दशकों से जारी वार्ता की नियति को प्राप्त हो गई है। विपक्ष को हमलावर होने को मौका मिल रहा है। इससे सत्ता पक्ष की हानि हो सकती है। यह तर्क मान लें तो इससे विपक्ष और हमलावर हो जाएगा जो पहले ही चीन के जमीन हथियाने के मामले में मोदी पर कायर होने का आरोप लगा रहा है। ऐसी स्थिति में नरमियत दिखाना विपक्ष समेत देश एवं चीन को यह मानने का संकेत देना होगा कि प्रधानमंत्री मोदी झुक गए हैं, जो सही नहीं है। जाहिर है, मोदी जैसे प्रधानमंत्री ऐसा नहीं करेंगे-विवाद का शांतिपूर्ण हल निकालने की स्वाभाविक सदिच्छा के बावजूद। सामान्य संबंध की कामना देश के विकास से जुड़ी होती है, और कोई भी राजनेता इसकी महत्ता से इनकार नहीं कर सकता, लेकिन यह संप्रभुता की कीमत पर नहीं होती। भारत जिस जगह पर है, वहां से तो इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। फिलहाल, इसका देशज अर्थ यही है कि मोदी ने कंकड़ फेंक कर ठहराव तोड़ने की कोशिश की है। चीन ने खुले दिल से इसका स्वागत भी किया है। हालांकि उसने भारत के रवैये में सुधार आने को अमेरिका को संदेश दिया जाना भी पढ़ा है, जो क्वाड के मंच से भारत के जरिए चीन की घेरेबंदी कराना चाहता है, लड़ाना चाहता है। बाइडेन क्वाड, यूक्रेन करते हुए भी चीन के साथ होने का इजहार करने से बाज नहीं आ रहे तो तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद भारत सामान्यतया की ओर क्यों नहीं बढ़ सकता। इससे अमेरिकी दौरे तेज हो जाएंगे।

बंगाल में नाक और साख का सवाल

प्रभाकर मणि तिवारी

लोकसभा सीटों के लिहाज से तीसरे सबसे बड़े राज्य में दोनों बड़े दावेदारों यानी तृणमूल व भाजपा पर अपनी पुरानी सीटों को बचाने और उनकी तादाद बढ़ाने की गंभीर चुनौती है। कसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल की 42 सीटें राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी भाजपा के लिए नाक और साख का सवाल बन गई हैं। इन सीटों के लिए सात चरणों में मतदान होना है। इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों यानी कांग्रेस और वाम मोरचा के साथ सीटों पर तालमेल के बजाय तृणमूल कांग्रेस राज्य की तमाम सीटों पर अकेले लड़ रही है। कांग्रेस और वाम मोरचा ने सीटों पर समझौता किया है। दूसरी ओर, भाजपा भी तमाम सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इन दोनों दावेदारों यानी तृणमूल कांग्रेस और भाजपा पर इस बार अपनी पुरानी सीटों को बचाने और उनकी तादाद बढ़ाने की गंभीर चुनौती है। यही वजह है कि दोनों पार्टियों के शीर्ष नेताओं ने बेहद आक्रामक चुनाव अभियान शुरू किया है। बीते लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को 22 और भाजपा को 18 सीटें मिली थीं। दो सीटें कांग्रेस के खाते में गई थीं, जबकि लेफ्ट या वाम मोरचा का खाता भी नहीं खुला था। यूं तो सीटों के लिहाज से तीसरा बड़ा राज्य होने के कारण बंगाल तमाम दलों के लिए हमेशा अहम रहा है, पर इस बार दोनों प्रमुख दलों के बीच कांटे की लड़ाई के कारण इसकी अहमियत ज्यादा ही बढ़ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले चरण के मतदान के पहले ही आधा दर्जन चुनावी रैलियों को संबोधित कर चुके हैं। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी पीछे नहीं हैं। भाजपा ने राज्य में कम से कम 35 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। दूसरी ओर, तृणमूल ने भी ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने के प्रयास में 26 नए चेहरों को मैदान में उतारा है। विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा को नागरिकता (संशोधन) कानून और संदेशखाली कांड का फायदा

मिल सकता है। वह नागरिकता कानून के जरिए राज्य की एक करोड़ से ऊपर की मतुआ आबादी को अपने पाले में खींचने का प्रयास कर रही है। इसी तरह संदेशखाली कार्ड के जरिये पार्टी के तमाम नेता राज्य में महिलाओं की स्थिति का प्रचार कर रहे हैं। राज्य में कम से कम पांच सीटों पर मतुआ वोटर निर्णायक हैं, इनमें महुआ मोइत्रा की कृष्णनगर सीट भी है, पर ममता बनर्जी और उनकी पार्टी लगातार प्रचार कर रही है कि सीएए के तहत आवेदन करते ही नागरिकता छिन जाएगी। ममता इस कानून को एनआरसी से भी जोड़ रही हैं। ऐसे में, फिलहाल इस कानून का फायदा या नुकसान किसे होगा, बताना मुश्किल है। भाजपा के लिए शिक्षक भर्ती और राशन घोटाला भी एक प्रमुख मुद्दा है। ममता बनर्जी समेत तृणमूल कांग्रेस के तमाम नेता केंद्रीय एजेंसियों के राजनीतिक इस्तेमाल का आरोप लगा रहे हैं। साथ ही, केंद्रीय योजनाओं के मद में कोई पैसा नहीं देने का आरोप भी उठ रहा है। ममता और पार्टी के नेता राज्य सरकार की ओर से शुरू की गई लक्ष्मी भंडार, कन्याश्री, सबुज साथी और युवाश्री के अलावा विधवा और बुजुर्ग पेंशन जैसी योजनाओं का जमकर प्रचार कर रहे हैं। राज्य के 7.18 करोड़ वोटरों में 3.59 करोड़ महिलाएं शामिल हैं। साल 2021 के विधानसभा चुनाव में इन योजनाओं ने महिलाओं का करीब 55 प्रतिशत वोट पार्टी को दिलाया था। उसके बाद लक्ष्मी भंडार योजना शुरू की गई है। केंद्रीय योजनाओं की काट के तौर पर राज्य सरकार और तृणमूल कांग्रेस अपने मजबूत तंत्र के जरिए अपनी योजनाओं का तृणमूल स्तर तक प्रचार करने में कामयाब रही है। हालांकि, इन योजनाओं के तहत मिलने वाले लाभ में भ्रष्टाचार के आरोप उठते रहे हैं, लेकिन पार्टी के नेता दावा करते हैं कि इसका कोई असर नहीं होगा। उत्तर 24-परगना जिले में विभिन्न घोटालों में पार्टी के मजबूत नेताओं की गिरफ्तारी ने भी तृणमूल की चिंता बढ़ा दी है। वहां संगठन संभालने वाले मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक राशन घोटाले में जेल में हैं, तो कोलकाता और हुगली जिले में चुनावी जिम्मा संभालने वाले पार्थ चटर्जी भी शिक्षक भर्ती घोटाले में हवालात में हैं। संदेशखाली की घटना और उस मामले में शाहजहां शेख समेत पार्टी के कई नेताओं की गिरफ्तारी भी पार्टी के लिए सिरदर्द बन गई है। संदेशखाली इलाका बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र के तहत है। पार्टी ने इस सीट से पिछली बार जीतने वाली अभिनेत्री नुसरत जहां को टिकट नहीं दिया है। संदेशखाली कांड के दौरान उनकी काफी किरकिरी हुई थी। इसी तरह बीरभूम व आसपास के जिलों में पार्टी के चुनाव अभियान की जिम्मेदारी उठाने वाले बाहुबली नेता अणुब्रत मंडल भी पशु तस्करी मामले में दिल्ली के तिहाड़ जेल में हैं। पिछले चुनाव में पार्टी का मजबूत स्तंभ रहे पार्थ चटर्जी जेल में हैं, तो शुभेंदु अधिकारी भाजपा में। इसके साथ ही तृणमूल कांग्रेस नागरिकता कानून का डर दिखा कर अल्पसंख्यक वोटरों को एकजुट करने के प्रयास कर रही है। मोटे अनुमान के मुताबिक, राज्य में इस तबके की आबादी 30 प्रतिशत से ज्यादा है। पार्टी भाजपा के राम मंदिर और नागरिकता कानून के मुद्दे को अपने सियासी हित में इस्तेमाल करते हुए इस तबके में बिखराव रोककर एकजुट करने का प्रयास कर रही है। पिछले चुनाव में अल्पसंख्यक वोटों के विभाजन के कारण भाजपा को उत्तर दिनाजपुर और मालदा जिलों की एक-एक सीट पर जीत मिली थी। तृणमूल कांग्रेस का लक्ष्य अबकी इस बिखराव को रोकना है। दक्षिण बंगाल के पांच जिलों में फैले गंगा के मैदानी इलाकों में लोकसभा की 16 सीटें हैं। भाजपा ने पिछली बार इनमें से महज तीन सीटें जीती थीं। इन इलाकों में तृणमूल ने छह नए चेहरों को मैदान में उतारा है। भाजपा उत्तर बंगाल में मजबूत समझी जाती है। पिछली बार उसने इलाके की आठ में सात सीटें जीत ली थीं, पर इस बार उसे वहां भी अंतरकलह से जूझना पड़ रहा है। उसकी सबसे बड़ी चिंता दक्षिण बंगाल में पार्टी का संगठन कमजोर होना है। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के अलावा उसके पास कोई बड़ा चेहरा नहीं है। जंगलमहल इलाके में लोकसभा की आठ सीटें हैं। पिछली बार इनमें से भाजपा को पांच और तृणमूल को तीन सीटें मिली थीं, पर तब मेदिनीपुर इलाके के धाकड़ नेता शुभेंदु अधिकारी तृणमूल में थे। उनके 2019 में भाजपा में जाने के बाद सियासी समीकरण बदला है। कांग्रेस और लेफ्ट फ्रंट ने तृणमूल पर भाजपा से तालमेल का आरोप लगाते हुए अपना चुनाव अभियान शुरू किया है।

विचार

कूड़ा-करकट डालने का स्थान बनते जा रहा समुद्र तल..........

उन्नीसवीं सदी की शुरुआत तक गहराई की अधिक विस्तृत वैज्ञानिक समझ ने आकार लेना शुरू नहीं किया था। जैसे-जैसे यूरोपीय और अमेरिकियों की वाणिज्यिक और क्षेत्रीय आकांक्षाएं दुनिया भर में विस्तारित हुई, महासागर के बारे में अधिक सटीक और अधिक विस्तृत ज्ञान की आवश्यकता भी बढ़ी, लेकिन जल्द ही विकास की अंधाधुंध दौड़ में समुद्र की इन गहराइयों का बेजा इस्तेमाल शुरू हो गया। समुद्र की गहराई का उपयोग बड़ी मात्रा में परमाणु सामग्री के लिए अंतिम विश्राम स्थल के रूप में भी किया गया। पहले और दूसरे विश्व युद्ध के बाद के वर्षों में ब्रिटिश, अमेरिकी, सोवियत, ऑस्ट्रेलियाई और कनाडाई सरकारों ने सैकड़ों-हजारों टन अप्रचलित रासायनिक हथियारों को दुनिया भर के पानी की गहराई में या तो ड्रमों में या टुकड़ों में भेज दिया। हालांकि सार्वजनिक आक्रोश के कारण इस प्रथा को 1972 में समाप्त कर दिया गया था। वर्ष 2019 के एक अध्ययन में आर्कटिक महासागर के तल पर कम से कम 18 हजार रेडियोधर्मी वस्तुएं बिखरी हुई पाई गई, उनमें से कई को सोवियत संघ द्वारा वहां फेंक दिया गया था। जब ये वस्तुएं अपनी जहरीली विरासत को पानी में छोड़ना शुरू कर देंगी, तब क्या होगा? कई पर्यावरणविदों ने इस स्थिति को 'समुद्र तल पर धीमी गति से चल रहा चेर्नोबिल' कहा है। हालांकि सोवियत संघ ने किसी भी अन्य देश की तुलना में समुद्र तल पर अधिक परमाणु कचरा फेंका था, लेकिन वह निश्चित रूप से अकेला नहीं था। 1948 और 1982 के बीच, ब्रिटिश सरकार ने लगभग 70 हजार टन परमाणु कचरा समुद्र की गहराई में भेज दिया। भले ही कम मात्रा में ही सही, अमेरिका, स्विट्जरलैंड, जापान और नीदरलैंड ऐसे कुछ देश हैं, जिन्होंने रेडियोधर्मी सामग्री के निपटान के लिए समुद्र का उपयोग किया है। 2019 में चीनी वैज्ञानिकों ने मारियाना ट्रेंच के तल पर रहने वाले उभयचरों के शरीर में 1940 और 50 के दशक में परमाणु बमों के विस्फोट से उपजे रेडियोधर्मी कार्बन-14 की खोज की। अब जबकि अंतरराष्ट्रीय संधियां समुद्र में रेडियोधर्मी सामग्री के डंपिंग पर रोक लगाती हैं, ब्रिटिश सरकार कुम्ब्रिया के समुद्र तल के नीचे 100 टन से अधिक प्लूटोनियम सहित 750,000 क्यूबिक मीटर परमाणु कचरे के निपटान की योजना तलाश रही है। 1946 से 1993 तक, तेरह देशों ने मुख्य रूप से चिकित्सा, अनुसंधान और परमाणु उद्योग से निकले लगभग 200,000 टन परमाणु/रेडियोधर्मी कचरे को निपटाने के लिए समुद्रों का किसी डंपिंग यार्ड की तरह उपयोग किया। भले ही समुद्र में डंपिंग के मामले में अब तक केवल निम्न स्तर के रेडियोधर्मी कचरे को ही डंप किया गया है, लेकिन समुद्र तल पर फैले सैकड़ों-हजारों टन परमाणु कचरे के धीमे क्षय की तरह, समुद्री जीवों के शरीर में लिखी गई मानव उद्योग की जहरीली विरासतें याद दिलाती हैं कि गहराई भूलने की जगह नहीं है कि जहां कुछ भी डाल दो और भूल जाओ। यह मान लेना आसान है कि हमारा ग्रह केवल स्थलीय वातावरण द्वारा परिभाषित है, वास्तव में विपरीत सच है। समुद्र में परमाणु कचरे की डंपिंग लापरवाही और लालच की एक बहुत बड़ी कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। प्लास्टिक और अन्य वस्तुओं के रूप में भी मानव अपशिष्ट गहरे समुद्र में हर जगह है। सबसे अधिक परेशान करने वाली बात समुद्र की गहराई में माइक्रोप्लास्टिक का बढ़ता संचय है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हर साल लगभग 300 मिलियन टन प्लास्टिक का निर्माण होता है, इसमें से लगभग 14 मिलियन टन प्लास्टिक कचरे के रूप में हर साल समंदर में फेंक दिया जाता है। समुद्र में परमाणु कचरे की डंपिंग लापरवाही और लालच की एक बहुत बड़ी कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। प्लास्टिक और अन्य वस्तुओं के रूप में भी मानव अपशिष्ट गहरे समुद्र में हर जगह है। खेल बैग, पुतले, समुद्र तट की गेंदें और बच्चों की बोतलें कई हजारों मीटर की गहराई तक समुद्र तल पर फैली हुई हैं। कुछ क्षेत्रों में ऐसी वस्तुओं की संख्या 300 वर्ग किलोमीटर से भी अधिक है। जब खोजकर्ता विक्टर वेस्कोवो 2019 में मारियाना ट्रेंच के निचले भाग पर पहुंचे, तो उन्हें न केवल एम्फिपोड्स की पहले से अज्ञात प्रजातियों का सामना करना पड़ा, बल्कि उन्हें प्लास्टिक बैग और मीठे रैपर भी मिले। सबसे अधिक परेशान करने वाली बात समुद्र की गहराई में माइक्रोप्लास्टिक का बढ़ता संचय है। समुद्र की ऊपरी परतों में माइक्रोप्लास्टिक ने खाद्य श्रृंखला पर आक्रमण किया है।

भारत और अमेरिका के संबंध पटरी से उतर रहे

डॉ. दिलीप चौबे

भारत और अमेरिका के संबंध क्या पटरी से उतर रहे हैं? अंतरराष्ट्रीय हलकों में आजकल यह चर्चा का विषय बना हुआ है। दोनों देशों के बीच संबंध इतने व्यापक हैं कि इस तरह की आशंका अतिरंजित लगती है। अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों की संख्या तथा वहां के जन-जीवन में इस समुदाय के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि संबंधों में खास गिरावट आएगी। लेकिन इतना जरूर है कि अमेरिका के तेवर बदल रहे हैं। पश्चिमी देशों की मीडिया और वहां के थिंक टैंक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की प्रखर नीतियों को लेकर शुरू से ही आलोचना करते रहे हैं। उनकी ओर से बाइडन प्रशासन को यह नसीहत दी जाती है कि भारत एक उदारवादी और लोकतांत्रिक शासन प्रणाली पर खरा नहीं उतर रहा है। इसलिए वह अमेरिका का विश्वसनीय सहयोगी नहीं बन सकता। यूक्रेन युद्ध के बावजूद भारत ने पश्चिमी देशों के दबावों के बावजूद रूस के साथ अपने संबंधों में कोई कमी नहीं की। संबंध पहले जैसे ही मजबूत बने हुए हैं। इस बीच बाइडन प्रशासन ने चीन के साथ अपने संबंधों में तनाव कम करने के लिए कई पहल की हैं। लगता है कि अमेरिकी प्रशासन पहले रूस से निपटने की तैयारी में है। फिलहाल वह एशिया में चीन के खिलाफ दूसरा मोर्चा खोलने के पक्ष में नहीं है। इस नई नीति के कारण अमेरिका को अब भारत के समर्थन की दरकार नहीं है। यही कारण है कि क्वाड की गतिविधियां शिथिल पड़ गई हैं। इसके विपरीत एशिया के अन्य देशों जापान, दक्षिण कोरिया, फिलिपींस और ऑस्ट्रेलिया के साथ अपना सहयोग बढ़ा रहा है। भारत के लिए चिंता का विषय अमेरिका और पाकिस्तान के संबंधों में आ रही गर्मजोशी है। राष्ट्रपति बाइडन ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पत्र लिखकर द्विपक्षीय संबंधों को फिर से सक्रिय बनाने की मंशा जाहिर की है। उसके बाद विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भी पाकिस्तान के विदेश मंत्री से टेलीफोन पर बात की। पिछले दिनों ईरान के सिस्तान में आतंकवादी हमला हुआ जिसके लिए पाकिस्तान में पनाह लिये आतंकवादियों को दोषी माना गया। पहले भी ईरान में इसी तरह के हमले हुए थे, जिसके बाद उसने पाकिस्तान में आतंकवादी अड्डों को निशाना बनाया था। नए हमले में ईरान के चाबहार इलाके को भी निशाना बनाया गया। चाबहार में बंदरगाह प्लेटफार्म के रूप में भारत की रणनीतिक संपदा है। भारत, रूस और ईरान इस गलियारे और चाबहार बंदरगाह पर किसी तरह के खतरे को बर्दाश्त नहीं कर सकते। संभव है कि आने वाले दिनों में ये देश कोई सुरक्षा रणनीति तय करें। पाकिस्तान ने अमेरिका और पश्चिमी देशों की सहानुभूति और समर्थन हासिल करने के लिए ब्रिटेन के अखबार 'गार्जियन' की रिपोर्ट का सहारा लिया है। इस अखबार में अपनी कथित खोजबीन के आधार पर आरोप लगाया है कि भारत ने पाकिस्तान की सरजमीं पर कम-से-कम 20 लोगों की हत्या की है। अखबार इन्हें आतंकवादी नहीं पाकिस्तान का नागरिक मानता है। इस रिपोर्ट के प्रकाशित होने के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के बयान को भी पाकिस्तान ने बहुत तूल दी है। रक्षा मंत्री ने आतंकवादियों को 'घर में घुसकर' मारने की बात कही थी। उनका इशारा उरी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा हमले के बाद बालाकोट एअरस्ट्राइक की ओर था। लेकिन पाकिस्तान ने इसे अमेरिका और कनाडा में हुई घटनाओं से जोड़ने की कोशिश की। पश्चिमी देश अमेरिका और कनाडा के खालिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ भारत की कार्रवाइयों को लेकर नई दिल्ली को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करते रहे हैं। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को बचाने के लिए अमेरिका ने द्विपक्षीय संबंधों को दांव पर लगा दिया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस विवाद को सीमित रखने की हरसंभव कोशिश की है लेकिन कहना मुश्किल है कि अमेरिका भविष्य में अपने तेवर में बदलाव करेगा। पश्चिमी देशों की मीडिया को ध्यान में रखना चाहिए कि भारत में इन दिनों चुनाव का मौसम है। राष्ट्रपति बाइडन ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पत्र लिखकर द्विपक्षीय संबंधों को फिर से सक्रिय बनाने की मंशा जाहिर की है। उसके बाद विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भी पाकिस्तान के विदेश मंत्री से टेलीफोन पर बात की। पिछले दिनों ईरान के सिस्तान में आतंकवादी हमला हुआ जिसके लिए पाकिस्तान में पनाह लिये आतंकवादियों को दोषी माना गया। पहले भी ईरान में इसी तरह के हमले हुए थे, जिसके बाद उसने पाकिस्तान में आतंकवादी अड्डों को निशाना बनाया था। नए हमले में ईरान के चाबहार इलाके को भी निशाना बनाया गया। चाबहार में बंदरगाह प्लेटफार्म के रूप में भारत की रणनीतिक संपदा है। भारत, रूस और ईरान इस गलियारे और चाबहार बंदरगाह पर किसी तरह के खतरे को बर्दाश्त नहीं कर सकते। संभव है कि आने वाले दिनों में ये देश कोई सुरक्षा रणनीति तय करें। पाकिस्तान ने अमेरिका और पश्चिमी देशों की सहानुभूति और समर्थन हासिल करने के लिए ब्रिटेन के अखबार 'गार्जियन' की रिपोर्ट का सहारा लिया है। चुनाव प्रचार में विदेश और रक्षा नीति भी प्रमुख मुद्दा हैं। सत्ता और विपक्ष के नेता अपनी चुनावी सभाओं में जो भाषण देते हैं, कोई जरूरी नहीं कि वह सरकार की नीति हो। इनके भाषणों के आधार पर राय कायम करना नासमझी होगा।

मध्य प्रदेश में क्या फिर एक तरफा हवा

सुदेश गौड़

मध्य प्रदेश से लोकसभा की 29 सीटों पर शुरुआती चार चरणों में मतदान होना है। भाजपा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे और उनकी गारंटी की बात कर रही है; विकास, पिछड़ी जातियों के उत्थान, सनातन से जुड़े प्रतीकों के कायाकल्प की बात कर रही है। वहीं कांग्रेस महंगाई, भ्रष्टाचार और ईवीएम के दुरुपयोग का मुद्दा उठा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 29 में से 28 सीटें जीतकर एकतरफा विजय पताका फहराई थी, सिर्फ एक सीट छिंदवाड़ा ही थी, जहां से कमलनाथ के सुपुत्र नकुलनाथ कांग्रेस के टिकट पर अपने पिता के रसूख के आधार पर 37,536 मतों से किसी तरह जीत हासिल कर सके थे। कमलनाथ ने यह सीट 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव में एक लाख से भी अधिक मतों से जीती थी। वैसे, इस बार भाजपा का लक्ष्य सभी 29 सीटें तो हैं ही, साथ में हरेक सीट पर 51 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ वह चल रही है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पार्टी ने बूथ कार्यकर्ताओं पर अपना ध्यान केंद्रित किया है और हर बूथ के कार्यकर्ताओं को 370 नए मतदाताओं को बूथ तक लाने का टारगेट भी दिया गया है। जाहिर है, जमीनी स्तर पर की जाने वाली इस कार्रवाई से दूसरी पार्टियों पर दबाव बढ़ गया है। बात करें प्रदेश की खजुराहो लोकसभा सीट की, जहां से प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को भाजपा ने एक बार फिर प्रत्याशी बनाया है। पिछले चुनाव में उन्होंने कांग्रेस की कविता सिंह को 4,92,382 मतों से हराकर यह सीट जीती थी। कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन के सहयोगी दल समाजवादी पार्टी को यह सीट समझौते के तहत दी थी, पर सपा की प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन कुछ खामियों के चलते निरस्त हो गया। गठबंधन ने फॉरवर्ड ब्लॉक के आरबी प्रजापति (राजा भैया) को समर्थन देने का फैसला किया, पर अंतिम समय में फिर मामला

लटका दिया। प्रजापति पूर्व आईएएस अधिकारी हैं। यह पूरा प्रकरण सायास था या अनायास इस बात को लेकर खजुराहो से भोपाल तक तरह-तरह के किस्से हवा में तैर रहे हैं। प्रदेश की एक अन्य सीट का जिक्र करें, तो बैतूल के बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी का 9 अप्रैल को दिल का दौरा करने से निधन हो गया। इस कारण 26 अप्रैल को दूसरे चरण में यहां होने वाला मतदान स्थगित हो गया है और अब यहां पर 7 मई को यानी तीसरे चरण में मतदान कराया जाएगा। दिल्ली और भोपाल में बैठे भाजपा नेताओं का पूरा फोकस मध्य प्रदेश में कांग्रेस के नीचे से जाजम खींचने पर है। भारतीय जनता पार्टी की नई ज्वॉइनिंग टोली जी-जान से जुटी हुई है। भाजपा स्थापना दिवस पर 1.26 लाख नेता-कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल करके पूर्व गृह मंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा के नेतृत्व में न्यू ज्वॉइनिंग टोली ने रिकार्ड तोड़ काम करने का दावा किया है। इस टोली का दावा है कि पिछले तीन माह में 2.58 लाख लोगों को भाजपा से जोड़ा जा चुका है और इनमें अधिकांश कांग्रेस के ही लोग हैं, लेकिन इसके बारे में कोई आधिकारिक दस्तावेज जारी न किए जाने को कांग्रेस लगातार मुद्दा बना रही है। कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा में घुसकर उनके खास लोगों, खासकर उनके दाएं हाथ माने जाने वाले विधायक दीपक सक्सेना को भाजपा में लाकर जो सेंध लगाई है, वह एक काफी लंबी योजना का हिस्सा है। पिछले दिनों कमलनाथ के भाजपा में आने की चर्चाओं ने उन पर अब तक किए जाने वाले राजनीतिक भरोसे को काफी हद तक कम कर दिया है। भाजपा की गतिविधियों पर लगातार निगाह रखने वाले राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि 1984 के दंगों में आरोपित कमलनाथ यदि भाजपा में आ जाते, तो भाजपा को ज्यादा नुकसान होता। उन्हें भाजपा में न लेकर, लेकिन उनके भाजपा में आने की भरपूर चर्चा करके उनके राजनीतिक वजूद और विश्वसनीयता पर पार्टी ने जो हमला किया है, इसका अंदाज कमलनाथ भी नहीं लगा सके थे। दिसंबर 2023 में हुए मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव जिस प्रकार दिल्ली के पूर्ण नियंत्रण में संचालित किए गए थे, वही स्थिति इस लोकसभा चुनाव में भी है। प्रदेश के जिलों में चुनावी तैयारी किस प्रकार चल रही है, इसकी जानकारी एक बार भोपाल में भले ही न हो, पर दिल्ली के पास हर पल की रिपोर्ट होती है। जिला स्तर पर भाजपा नेता कितनी बैठकें कर रहे हैं, कितने लोगों से मिल रहे हैं, ये सारे आंकड़े दिल्ली में रोज अपडेट होते हैं। दिल्ली की भी निगाह बाकी क्षेत्रों की अपेक्षा छिंदवाड़ा पर ही कुछ ज्यादा केंद्रित है। भाजपा के लिए छिंदवाड़ा मात्र एक लोकसभा सीट नहीं है, बल्कि पिछले 40 सालों से चल रही कमलनाथ की सल्तनत है, जिसे हर हाल में नेस्तनाबूद करना है। कुछ वर्षों पहले तक प्रदेश में कांग्रेस के तीन क्षत्रप माने जाते थे, अब दो रह गए हैं। इनमें भी कमलनाथ मुख्य टारगेट हैं और दिग्विजय सिंह ने खुद को अपने क्षेत्र राजगढ़ तक सीमित कर लिया है। जिस दिग्विजय सिंह की मर्जी के बगैर मध्य प्रदेश में पत्ता भी नहीं हिल सकता था, वह इस बार आखिरी चुनाव की दुहाई देकर वोट मांग रहे हैं। वैसे इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी ज्यादा निश्चिंत लगती है, क्योंकि उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। बहरहाल, मध्य प्रदेश में असली चुनावी मुद्दा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हैं। स्थानीय भाजपा प्रत्याशी को लेकर यदि कहीं कुछ दिक्कत या नाराजी हो भी, तो मोदी का नाम उसकी पूर्ति कर दे रहा है। प्रदेश में कुछ सीट ऐसी हैं, जहां भाजपा को अपने ही लोगों से खतरा हो सकता है, उनमें रीवा, राजगढ़, धार और मंडला का नाम लिया जा सकता है। दिल्ली में काम कर रही केंद्रीय टीम की निगाहें इस क्षेत्र के संभावित नुकसान पहुंचा सकने वाले अपने नेताओं पर टिकी हैं और वह उनकी नकेल भी कसती रहती है। चार माह पहले हुए विधानसभा चुनाव में 230 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 163, कांग्रेस ने 66 सीटें जीती थीं और एक सीट आदिवासी विकास पार्टी की झोली में गई थी। विधानसभा के इन परिणामों के आधार पर लोकसभा सीटों का आकलन किया जाए, तो कांग्रेस केवल पांच लोकसभा सीटों पर भाजपा को चुनौती देने की स्थिति में है, पर क्या आज भी वैसी ही स्थिति है? राज्य चुनाव और देश के चुनाव में अंतर तय है।

संक्षिप्त समाचार

गुरुदेव श्री रतन मुनि जी महाराज का 92वॉं जन्म महोत्सव जीवदया के साथ मनाया गया

दुर्ग (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ प्रवर्तक गुरुदेव श्री रतन मुनि जी महाराज का 92वॉं जन्म महोत्सव जीवदया के आयोजन से किया गया। इसी क्रम में आज कृष्ण गौशाला जीव रक्षा केंद्र मोहलाई पहुंचकर गायों को गुड और सब्जी खिलाने का कार्य किया गया। कल सुबह जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में गुणानुवाद सभा में आयोजित होगी जिसमें जैन समाज के लोग सामायिक साधना नवकार महामंत्र जप अनुष्ठान तथा जप तप के साथ मनाया जा रहा है। श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल के सदस्य इस आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहें वर्धमान सेवा मंच श्रमण संघ महिला मंडल के सदस्य कार्यक्रम की तैयारी में लगें हैं आज श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल के सदस्य सोरभ रतन बोहरा ने जिला चिकित्सालय दुर्ग पहुंच कर रक्त दान किया।

जन्म कल्याणक के पूर्व वीर प्रभु की मंगल प्रभात फेरी सम्पन्न

दुर्ग (विश्व परिवार)। श्री भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के तत्वाधान में आज प्रातः श्री दिगंबर जैन मंदिर की विद्युत नगर से प्रभात फेरी निकली जिसमें बड़ी संख्या में स्वजाति बंधु विशेष वेशभूषा और ध्वज पटाका नारे लगाते हुए विद्युत नगर, आदर्श नगर, हाउसिंग बोर्ड का भ्रमण करते हुए श्री श्वेतांबर जैन मंदिर की में समाप्त हुई इस प्रभात फेरी में समिति के संरक्षक प्रकाश गोलछा अजय श्री श्रीमान, विजय बोहरा, आशीष जै, न सुनील गंगवाल, संदीप लोहारिया मंदिर समिति प्रचार प्रमुख संजय बोहरा, डीसी लुनिया जी आदि प्रमुख गणमान्य बैं उपस्थित थे बड़ी संख्या में संस्कार बहू मंडल की महिला सदस्य विशेष रूप से इस कार्यक्रम में सम्मिलित थी। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 7 दिवसीय आयोजन का आज यह तीसरा दिन है कार्यक्रम निरंतर 21 अप्रैल व रविवार को चलेगा इस दिवस अनेक कार्यक्रम संपादित होने हैं।

कार्यकर्ता ही संघटन की रीढ़, वर्तमान युग संघठित रहने का युग : आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज

धर्म जागृति संस्थान का राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न

तिजारा (विश्व परिवार)। अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान का सप्तम राष्ट्रीय अधिवेशन श्री चंद्र प्रभु अतिशय क्षेत्र देहरा तिजारा के प्रांगण में स्थित चन्द्रगिरि वाटिका में परम पूज्य आचार्य श्री वसुनंदी महामुनिराज ससंघ के सानिध्य व मार्गदर्शन में सोमवार 15 अप्रैल को भव्यता के साथ पूरे देश से पधारे क़रीब सात सो प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

ध्वजारोहण के साथ हुआ शुभारम्भ धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री इंजीनियर भूपेंद्र जैन दिल्ली ने बताया कि अधिवेशन प्रातः प0 शिखर चंद जैन के निर्देशन में ध्वजा रोहण के बाद मंगलाचरण, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। इसके बाद आचार्य श्री का पादप्रक्षालन धर्म जागृति संस्थान दिल्ली, निकुंज जैन, राजकमल सरावगी, अनिता जैन आदि ने तथा शास्त्र भेंट धर्म जागृति संस्थान अजमेर द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय मंत्री संजीव जैन व राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बडजात्या कामां ने केंद्रीय संस्थान की कार्य रिपोर्ट सदन के समक्ष रखने के बाद सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए गए जिसमे पवन चौधरी अलवर, पदम जैन बिलाला, भाग चंद मित्रपुरा, यस जैन, रजत जैन धारूहेड़ा, राकेश जैन, सुनील पहाड़ियां, पंकज लुहाड़िया, रोबिन जैन पलवल, रचना जैन उत्तमनगर, राहुल जैन फरीदाबाद, विनीत उनेरिया अजमेर, सन्नी जैन उत्तम नगर, हरखचन्द बड़जात्या आदि ने कहा कि साधु संतों के आहार विहार में सहयोग हेतु युवा वर्ग में जागृति लाना, धर्म व जाति के कालम में जैन लिखना, जैन धर्म के साथ जैन जाति घोषित करवाने हेतु राज्य व केंद्र सरकार को ज्ञापन, मेल, पत्र लिखना, बच्चों व बड़ों को पाठशालाओं के माध्यम से संस्कारित करना आदि के सुझाव प्राप्त हुए तथा प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ के जन्म दिवस पर सार्वजनिक अवकाश की माँग, साधु सन्तों के पद विहार में सुरक्षा की माँग, संतों के प्रवास हेतु भूमि / भवन की माँग, श्रमण संस्कृति बोर्ड में जैन शब्द जोड़ने व सभी राज्यो में गठन की माँग, प्राकृत भाषा के विकास हेतु बोर्ड व अध्ययन / अध्यापन व्यवस्था की माँग, अल्पसंख्यक बोर्ड आदि में जैन प्रतिनिधित्व की माँग सहित कई माँगे केंद्रीय / राज्य सरकारों के समक्ष रखने के सुझाव प्राप्त हुए। केंद्रीय समिति की और से आचार्य श्री से विचार विमर्श के बाद संयोजक सुरेश चन्द जैन गौतमनगर दिल्ली ने इन पर सहमति व्यक्त करते हुए शीघ्र कार्यवाही का निर्णय सदन को बताया। सदन में एक स्वर से धर्म सिखाओ धर्म बचाओ नारे के साथ सन्तो के विहार में सहयोग करो का नारा हुआ बुलन्द।

भक्तो ने किया आचार्य पूजन– दूसरे सत्र में आचार्य श्री की अष्ट द्रव्य के साथ पूजन की गई पूजन का मधुर वाचन वर्धस्व नंदिनी माताजी द्वारा किया गया तथा शाखाओ द्वारा एक एक द्रव्य भक्ति के साथ झूमते हुए गुरुवर को अर्पित किए गए। पूजन कार्य की सुंदर व्यवस्था ज्ञान चंद जैन ने की थी।

संघठन में ही शक्ति है– आचार्य श्री वसुनंदी महाराज ने अपने उद्धबोधन में प्राप्त सुझावों को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही संघटन की रीढ़ होते है तथा वर्तमान युग संघठित रहने का युग है। संगठित समाज ही अपनी माँगे सरकार से पूर्ण कराने में सक्षम होता है।इसके बाद आचार्य श्री ने कहा कि काम करने वाले का सम्मान करना प्रोत्साहन व प्रेरणा का कार्य करता है।

आचार्य श्री ने उत्कृष्ट कार्य करने हेतु चयनित शाखाओ के नाम की घोषणा की जिन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी योगेश जैन मेरठ, निकुंज जैन दिल्ली, डॉ नीरज जैन, अतुल गांधी मुम्बई, रमेश गर्ग बोलखेड़ा, संजीव जैन, राजकमल सरावगी, संजय जैन बड़जात्या, देहरा समिति अध्यक्ष मुकेश जैन, नरेश जैन, शम्भू जैन द्वारा सम्मानित किया गया।

राजस्थान प्रान्त सर्वश्रेष्ठ शाखा राजस्थान की प्रांतीय शाखा कोसंस्थान की राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ शाखा चुना गया जिसने पदम जैन बिलाला जयपुर की अध्यक्षता में समाज हित में महत्वपूर्ण कार्य संपन्न करने पर बिलाला को वसुनंदी महाराज के जयकारों व करतल ध्वनि के बीच सम्मानित किया गया जिसके बाद उन्होंने सभी पदाधिकारीयो के साथ संघ से आशीर्वाद प्राप्त किया।

राष्ट्रीय संस्थान द्वारा महिला वर्ग शाखा में प्रथम –उत्तम नगर दिल्ली, द्वितीय –ग्रीन पार्क दिल्ली तथा तृतीय – जनुथर जिला डीग व पुरुष वर्ग में प्रथम –अलवरद्वितीय –मेरठ, तथा तृतीय – सलूम्बर को चयनीत किया गया।

सम्मान अभिनंदन– इधर तिजारा क्षेत्र प्रबंध समिति द्वारा सभी केंद्रीय पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान किया गया।अधिवेशन में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियो को सम्मानित किया गया जिसमे किरण जैन, हरक चंद, महेश काला राजीव लाखना भूपेश जैन देवेंद्र जैन कठूमर, पवन जैन अलवर, प्रभास जैन राजकोट, संदीप सेठी फरीदाबाद, श्रेयांश जैन ग्रीन पार्क दिल्ली, घनश्याम जैन जनुथर, राजेंद्र जैन जयपुर, संजय सर्राफ कामां, सुंदरम जैन सलूंबर, सुरेंद्र जैन, प्रवीण जैन, दुलीचंद जैन, प्रेमचंद जैन तिजारा आदि प्रमुख रहे। कार्यक्रम का कुशल व सुव्यवस्थित संचालन संजय जैन बडजात्या कामां, इंद्रा बडजात्या जयपुर व नमन जैन मेरठ द्वारा किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन– कार्यक्रम के अंत में तिजारा क्षेत्र की प्रबंध समिति द्वारा सुंदर व्यवस्थाओं के लिया संस्थान द्वारा उनका अभिनंदन किया गया व धन्यवाद ज्ञापित किया गया साथ ही राष्ट्रीय महामंत्री ने सभी शाखाओ सदस्यों व कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया।

–**अभिषेक जैन लुहाड़िया**

बीजेपी ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी की 12वीं सूची

डायमंड हार्बर में अभिषेक बनर्जी के खिलाफ अभिजीत दास को मैदान में उतारा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा ने मंगलवार को आगामी लोकसभा चुनावों के लिए सात उम्मीदवारों की अपनी 12वीं सूची जारी की। इस सूची में महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की सात लोकसभा सीटों के लिए भाजपा उम्मीदवार शामिल हैं। पार्टी ने सत्तारूढ़ पश्चिम बंगाल पार्टी के लिए गढ़ मानी जाने वाली सीट डायमंड हार्बर निर्वाचन क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस महासचिव और ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के खिलाफ अभिजीत दास (बॉबी) को मैदान में उतारा है।

2019 के लोकसभा चुनाव में अभिषेक बनर्जी ने बीजेपी के नीलांजन रॉय को 3,20,594 वोटों के अंतर से हराया। बीजेपी ने महाराष्ट्र के सतारा से छत्रपति उदयनराजे भोंसले को भी टिकट दिया है. पंजाब में पार्टी ने खडूर साहिब से मंजीत सिंह मियाविंड, होशियारपुर से अनीता सोम प्रकाश और बठिंडा से परमपाल कौर सिद्धू को मैदान में उतारा है। उत्तर प्रदेश में विश्वदीप सिंह फिरोजाबाद से चुनाव लड़ेंगे जबकि शशांक मणि त्रिपाठी भाजपा के टिकट पर देवरिया सीट से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा बीजेपी ने उत्तर प्रदेश और तेलंगाना में विधानसभा उपचुनाव के लिए भी नामों का ऐलान किया.

उत्तर प्रदेश में पार्टी ने ददरौल से अरविंद सिंह, लखनऊ पूर्व से ओपी श्रीवास्तव, गैंसरी से शैलेन्द्र सिंह साहू और दुद्धी से श्रवण गोंड को मैदान में उतारा है। वहीं, टीएन वंश तिलक तेलंगाना के सिकंदराबाद कैंट से चुनाव लड़ेंगे। पश्चिम बंगाल की 42 संसदीय सीटों पर 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 4 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को मतदान होगा। 2014 के लोकसभा चुनाव में टीएमसी ने राज्य में 34 सीटें जीती थीं। जबकि बीजेपी को सिर्फ 2 सीटों से संतोष करना पड़ा. सीपीआई (एम) ने 2 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस ने 4 सीटें हासिल कीं। हालांकि, बीजेपी ने 2019 के चुनावों में काफी बेहतर प्रदर्शन किया, टीएमसी की 22 सीटों के मुकाबले 18 सीटें जीतीं। कांग्रेस की सीटें घटकर सिर्फ 2 सीटें रह गईं, जबकि वामपंथियों का स्कोर शून्य रहा। महाराष्ट्र में आगामी आम चुनाव 19 अप्रैल से 20 मई तक पांच अलग-अलग चरणों में होंगे। पंजाब में 13 सीटों के लिए 1 जून को एक ही चरण में चुनाव होंगे। वोटों की गिनती 4 जून को निर्धारित की गई है।

रामनवमी पर्व पर आज महावीर जयंती पर 21 को मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी

रायपुर (आरएनएस)। नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में रामनवमी पर्व दिनांक 17 अप्रेल 2024 बुधवार, महावीर जयंती पर्व दिनांक 21 अप्रेल 2024 रविवार को मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी । इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से रामनवमी पर्व दिनांक 17 अप्रेल 2024 बुधवार, महावीर जयंती पर्व दिनांक 21 अप्रेल 2024 रविवार को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस बिक्री दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है। रामनवमी पर्व दिनांक 17 अप्रेल 2024 बुधवार, महावीर जयंती पर्व दिनांक 21 अप्रेल 2024 रविवार को किसी भी दुकान में मांस बिक्री करते पाये जाने पर मांस जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी। रामनवमी पर्व दिनांक 17 अप्रेल बुधवार, महावीर जयंती पर्व 21 अप्रेल 2024 रविवार को नगर पालिक निगम रायपुर के सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस बिक्री पर छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रतिबन्ध आदेश का परिपालन सुनिश्चित करवाने अपने -अपने सम्बंधित जोन क्षेत्रों में सतत पर्यवेक्षण करेंगे।

निलंबित उप सचिव सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका कोर्ट ने की खारिज

रायपुर (आरएनएस)। कोयला परिवहन के मामले में जेल में बंद निलंबित उप सचिव सौम्या चौरसिया की दूसरी जमानत याचिका को रायपुर के स्पेशल कोर्ट ने मंगलवार को खारिज कर दी है। बता दें कि कोयला घोटाले में बिते 16 महीनों से रायपुर केंद्रीय जेल में बंद निलंबित उप सचिव सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका पर पिछले बार होने वाली सुनवाई टल गई थी, जिसके बाद आज स्पेशाल कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका को न्यायाधीश ने खारिज कर दी।

आचार्य श्री चैत्यसागर जी महाराज एवं विज्ञाश्री माताजी का हुआ महामिलन

जयपुर (विश्व परिवार)। प.पू. भारत गौरव तपोमूर्ति श्रमणी गणिनी आर्यिका 105 गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी ससंघ का तीनों जैन नसियां जयपुर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। आर्यिका संघ नन्दपुरी से पद विहार करते हुए श्री दिगम्बर जैन पार्श्वनाथ मंदिर खवास जी का रास्ता पहुँचा। वहाँ विराजमान आचार्य श्री 108 चैत्यसागर जी महाराज संसंघ से पावन वात्सल्य मिलन हुआ। तत्पश्चात् गाजे- बाजे के साथ जुलुस आगे बढ़ते हुए नसियां दीवान नन्दलाल जी झालरे वाली स्थित श्री पुष्पदंत जिनालय पहुंचा। भक्तगण अपने-अपने द्वार पर चौक पुरकर गुरुमाँ की आगवानी करने हेतु आतुर थे। सभी श्रावकों ने चरण प्रक्षालन करके हर्षोल्लास पूर्वक आरती सम्पन्न करायी। जिनालय के दर्शन, अभिषेक, शांतिधारा करने का सौभाग्य कमल दीवान, शांतिलाल जैन, कौशल जैन, अरिहंत जैन, अरुण दीवान ने प्राप्त किया।

प्रवचन सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को उद्बोधन देते हुए माताजी ने कहा कि- नसियां जैन समाज के लिए अनुपम धरोहर है। इन्हीं पुरातत्व की बदौलत जैन धर्म आज इतिहास के पन्नों पर स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाता है। यह सकल जैन समाज का परम सौभाग्य है और कर्तव्य भी है कि पुरातत्व की रक्षा, सेवा और संवर्धन अनिवार्य है।

आगामी 17 अप्रैल 2024 को श्री पुष्पदन्त जिनालय झालरे वाली नसियां में नसियां जी का वार्षिकोत्सव बड़े ही आनंद के साथ मनाया जावेगा। प्रातः 8.30 बजे विधान पूजा एवं 11.30 बजे कलशाभिषेक मंदिर जी के प्रांगण में ही सम्पन्न होंगे। –**अभिषेक जैन लुहाड़िया**

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव प्रारंभ, जैन समाज की बच्चियों और महिलाओं सीख रही आत्मरक्षा के गुण

21 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा महावीर जन्म कल्याणक के महोत्सव शामिल होंगे

दुर्ग (विश्व परिवार)। जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब परिसर में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति से बैनर तले जैन समाज की महिलाओं एवं बच्चियों ने आत्म रक्षा का प्रशिक्षण लिया यह शिविर पांच दिवस 15 से 19 अप्रैल तक चलेगा।

आत्म रक्षा के अलग अलग गुर सिखाते हुए प्रशिक्षक अमलेदु तालुकदार ने इस विषय अनेक विधा की जानकारी दी। 15 अप्रैल से 19 अप्रैल तक चलने वाले इस महिला सशक्तिकरण आत्मरक्षा शिविर में बालिकाओं एवं महिलाओं ने अपनी अनेक जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया अनेक विपरीत परिस्थितियों में अपनी रक्षा कैसे करना का ज्ञान अमलेदु तालुकदार से सीखा

कार्यक्रम के प्रारंभ में संत उप प्रवर्तक डॉक्टर सतीश मुनि ने मंगल पाठ के श्रवण कार कर प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया गया

आज के प्रशिक्षण शिविर में डॉक्टर मानसी गुलाटी विशेष रूप से अतिथी वक्ता के रूप में उपस्थित हुई डॉक्टर गुलाटी ने कहा परिस्थितियों ऐसी बन गई है की हर समाज की महिलाओं एवं बच्चियों को प्रशिक्षण प्राप्त करना नितांत आवश्यक है जो हमें आत्मनिर्भर बनाने में ऐसा प्रशिक्षण मददगार साबित होगा डॉक्टर गुलाटी ने महिलाओं एवं बच्चियों की शारीरिक समस्याओं पर भी चर्चा की बच्चों के गर्भ गर्भ में आने से लेकर 60 साल तक की उम्र तक महिलाओं को अपनी देखरेख कैसी करना है अनेक उदाहरणों के माध्यम से सारगर्भित जानकारी दी और उनके अनेक उपाय बताए।

जैन समाज के द्वारा इस तरह के आयोजनों पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा जैन बच्ची एवं महिलाएं इस क्षेत्र में आगे बढ़ रही है यह देखकर मुझे बेहद खुशी हो रही है।

महिला सशक्तिकरण के इस शिविर में ऋषभ कोटड़िया, श्रीमती पूजा सतीश बैद, श्रीमती कल्पना ओसवाल, श्रीमतीदीपिका साँखला, श्रीमती शिखा पाटनी, सपना श्री श्रीमाल श्री अतुल लोढ़ा, श्री प्रचल मरोटी का विशेष सहयोग रहा।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति दुर्ग के बेनर तले समाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज हो गया है इसी क्रम में सकल जैन समाज के सहयोग से सामूहिक सामायिक एवं नवकार महामंत्र का जाप अनुष्ठान तथा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिदिन अहिंसा यात्रा भगवान महावीर एवं जैन धर्म की जयघोष साथ निकाली जा रही हे जिसमें जैन समाज के सभी वर्ग के लोग बच्चे युवक युवतियां महिलाएं पर चढ़कर सभी आयोजनों में भाग ले रही है

21 अप्रैल को होने वाले महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में छत्तीसगढ़ के मुखिया मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, ललीत चंद्राकर पूर्व विधायक अरुण वोरा महापौर धीरज बाकलीवाल जन्म कल्याणक के महोत्सव में अतिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष अजय श्री श्रीमाल मंत्री चुन्नीलाल जैन एवं आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी ने भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में सकल जैन समाज के सभी लोगों से बढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र दुग्गड कल्पना ओस्तवाल पूजा बैध ने किया।

–**नवीन संचेती**

कुकिंग प्रतिस्पर्धा में महिलाओं ने बनाए पारंपरिक लाजवाब व्यंजन

रंगारंग कार्यक्रम में जैन टेलेंट शो में बच्चो ने दिखाई अपनी कला, जैन व्यापार मेला का आज अंतिम दिन

रायपुर (विश्व परिवार)। श्री महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में आज दिनांक 16 अप्रैल सोमवार को 3 दिवसीय जैन व्यापार मेले के दूसरे दिन भीड़ उमड़ पड़ी। व्यापार मेले की संयोजिका समर्पण सखी महिला मंडल एवं महिला मंडल रायपुर के द्वारा आयोजित किया जा रहा है।आज मेले के दूसरे दिन प्रदर्शित तरह तरह से हस्त निर्मित सामग्री को देखने स्टॉल में काफी भीड़ रही महिला मंडल की मंजू सेठिया ने बताया की इस जैन व्यापार मेले में 100 स्टॉल मेले हेतु एवं 10 स्टॉल फूड कोर्ट हेतु बनाए गए है मेले में उपस्थित सखी महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू टाटिया एवं समर्पण महिला मंडल की अध्यक्ष प्रियंका लुंकड़ ने बताया की यह जैन व्यापार मेला पिछले 7 वर्षो से लगातार लगाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जैन समाज की वो महिलाए जो घर पर बैठे बैठे या बाहर जाकर कार्य कर रही है।इनको उनकी द्वारा बेची या बनाई जा रही वस्तुओ के लिए उचित बाजार एवं मूल्य प्राप्त हो सके एक ही छत के नीचे सभी की जरूरत का समान उपलब्ध हो सके। मेले में स्टाल हेतु बहुत की काम दाम में स्टाल उपलब्ध करवाए गए है।इस मेले में छत्तीसगढ़ प्रदेश के अलावा पूरे भारत वर्ष से जैन समुदाय के लोग आकर स्टॉल लगाते है। इस वर्ष राजधानी रायपुर के अलावा टाटानगर, जयपुर राजस्थान धमतरी राजिम दुर्ग भिलाई राजनांदगांव बालोद के महिलाओं द्वारा स्टाल लगाए गए है।

आज की प्रभात फेरी प्रातः 6.30 बजे श्री भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 15 दिवसीय प्रभात फेरी में आज 16 अप्रैल को सुबह 6.30 आज लाभांडी 1008 श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर लाभांडी से शांति नगर अपार्टमेंट रोमेंसक्यू विला के बाजू लाभांडी में समाप्त हुई। जहा कार्यक्रम संयोजक एवं प्रभारी श्री साधुमार्गी जैन समता युवा संघ, रायपुर के सदस्य के साथ बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित थे।प्रभात फेरी में बच्चो ने धार्मिक एवं सामाजिक संदेश के लिए वेशभूषा धारण कर फैंसी ड्रेस में भाग लिया।

विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में आज प्रातः 11 बजे जीव दया का कार्यक्रम समरथ महिला मंडल द्वारा सेवा भारतीय मातृछाया कोटा रायपुर में आयोजित किया जा रहा है जिसमे शोभा गोलछा नेहा श्रीमाल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। दोपहर 2 बजे श्री वासुपूज्य मनोहर महिला मंडल, द्वारा कुकिंग स्पर्धा का आयोजन किया गया है जो की आम्रपाली द्वारा दादाबाड़ी, एम. जी. रोड में आयोजित की जाएगी। जिसमे, सोनल बरडिया, पुष्प कोठरी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। दिनांक 15 अप्रैल को रात 8 बजे जैन दादा बाड़ी में जैन गोट टेलेंट का आयोजन किया था जिसमे जैन समाज के बच्चो ने भाग लेकर अपने अपने अंदाज में अपनी कला का प्रदर्शन किया। आज के आयोजन में बच्चो द्वारा विभिन्न वाद्ययंत्रों के द्वारा अपनी कला दिखाई।किसी ने नाटक के माध्यम से अनाज एवं भोजन झूठा न छोड़ने का दिया संदेश तो किसी ने जैन ग्रंथ के नाटक के माध्यम से पौराणिक कथा का मंचन किया। आयोजन में बच्चो ने कल्चर डांस की अद्भुत प्रस्तुति भी दी।

आज जैन दादा बाड़ी में महिलाओं का कुकिंग स्पर्धा आयोजित की गई। जो को दोपहर 2 बजे श्री वासुपूज्य मनोहर महिला मंडल, द्वारा कुकिंग स्पर्धा का आयोजन किया गया है। जिसमे, सोनल बरडिया, पुष्प कोठरी एवं उनकी टीम के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे। इस स्पर्धा में काफी महिलाओं ने हिस्सा लिया।इस स्पर्धा में पंजाबी, राजस्थानी, साउथ इंडियन, गुजराती, मराठी व्यंजन बना कर और उनको उनके ही अंदाज में परोसा गया। भाग लिए प्रतिभागियों द्वारा जो व्यंजन बनाए गए थे परिधान भी उसी सभ्यता के अनुसार पहने थे इस प्रतिस्पर्धा में निर्णायक पारुल जैन एवं उनकी टीम रही। –**प्रणीत जैन**

संक्षिप्त समाचार

6 किलो से अधिक गांजा के साथ दो पकड़ाये

गरियाबंद(विश्व परिवार)। जिला पुलिस ने नशीले पदार्थो की अवैध तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत दो आरोपियों को 6 किलोग्राम से अधिक गांजा के साथ गिरफ्तार किया है तथा उनके खिलाफ नारकोटिक्स एक्स के तहत कार्यवाही की है। बता दें कि जिला गरियाबंद क्षेत्र में हो रहे अवैध रूप से गांजा, शराब व अन्य नशीले पदार्थों के अवैध तस्करी को रोकने के लिए जिले के पुलिस कप्तान के द्वारा नशे के विरूद्ध पुलिस की एक विशेष अभियान नया सवेरा योजनान्तर्गत नशीली पदार्थों/अवैध गांजा तस्करो पर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के पुलिस कप्तान उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के दिशा- निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर एवं एसडीओपी गोपाल वैश्य के मार्गदर्शन में प्रशिक्षु डीएसपी प्रवीण भारती थाना प्रभारी थाना छुरा के नेतृत्व में थाना छुरा के उप निरीक्षक दिलीप मेश्राम, व अन्य स्टाफ को लेकर धर पकड़ की कार्यवाही करते हुये अवैध रूप से गांजा परिवहन करने जगत राम मिरधा पिता मनराखन मिरधा उम्र 37 वर्ष साकिन गिधनीपानी थाना धरमाबांधा जिला नुआपांड़ा उड़िसा एवं मुकेश निषाद पिता धनीराम जीवी निषाद उम्र 20 वर्ष साकिन हरदी थाना छुरा जिला गरियाबंद के खिलाफ थाना छुरा में धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है, जिसमें दो आरोपी के कब्जे से कुल 6 किलो 80 ग्राम कुल कीमत 60,800 रूपया का अवैध गांजा एवं एक भूरा रंग का मोसा स्कूटी हीरो कमांक ओडी 26 जी 4634 बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तह अपराध दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

मोबाइल चोरी करने वाले तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

धमतरी(विश्व परिवार)। जिले के साइबर व कोतवाली पुलिस की टीम ने मोबाइल चोरी करने वाले तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 8 नग मोबाइल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन व्यक्ति मोबाइल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे है। सूचना पर पुलिस की टीम अंबेडकर चौक धमतरी के पास पहुंचा और घेराबंदी कर तीनों को पकड़कर पुछताछ किए, तो अपना नाम संजय गोरा 20 वर्ष, गजेन्द्र बांधे 19 वर्ष व राज कोशले 19 वर्ष बताया। तीनों आरोपी डाक बंगला धमतरी के रहने वाले है। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किए है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 8 नग मतोबाइल फोन जब्त किया है।

दोपहिया वाहन चोर गिरफ्तार

धमतरी(विश्व परिवार)। जिले के करेलीबाड़ी चौकी पुलिस ने दोपहिया वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से एक बाइक जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की बाइक बेचने के लिए ग्राहक तलाशते आरोपी नारायण यादव 27 वर्ष निवासी करेलीबढ़ी चौकी करेलीबाड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ किया तो आरोपी ने एक घर के आंगन से चोरी कर अपने घर ले जाकर रखना कबूल किया। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

डाक मतमत्र का उपयोग 50 लोगों ने किया

गरियाबंद(विश्व परिवार)। भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर देश में हर चुनाव को पर्व की तरह मनाया जाता है, यही कारण है कि निर्वाचन आयोग इस बात को सुनिश्चित करना चाहता है कि हर चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो अर्थात कोई भी वोटर छूटे ना। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत गरियाबंद जिले के अन्तर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र राजिम और बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र में मतदान दिवस के दिन ड्यूटी करने वाले शासकीय सेवकों के लिए डाकमत पत्र सुविधा केंद्र की स्थापना पुलिस रक्षित निरीक्षक केन्द्र, शासकीय महाविद्यालय वीर सुरेन्द्र साय एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज में किया गया था। डाक मतपत्र प्रभारी एवं गरियाबंद एसडीएम श्री विशाल महाराणा ने बताया कि डाक मत पत्र सुविधा केंद्र के माध्यम से 50 अधिकारी - कर्मचारियां एवं पुलिस के जवानों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। इस सुविधा केंद्र के मध्याम से पुलिस विभाग के जवानों, अधिकारी - कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का उपयोग करने पहुंचे हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मताधिकार का उपयोग करने का अवसर दिया है। मतदान दिवस में हम अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहेंगे इसलिए निर्वाचन कार्यालय ने डाकमत पत्र सुविधा केंद्र की व्यवस्था की है। साथ ही वे अपने डाकमत पत्र की सुविधा का लाभ लेकर मताधिकार का उपयोग करने से काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। उन्होंने आम मतदाताओं को मतदान दिवस में घरों से बाहर निकल कर मतदान केन्द्रों में अपने बहुमूल्य मतदान का उपयोग करने की अपील भी की।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे कामकाज

124 सचिवों का रोका वेतन

कोरबा(विश्व परिवार)। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर करने वाले जिले के 124 सचिवों का वेतन रोक दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास के अधूरे कामकाज को इसकी वजह बताई गई है। संबंधित क्षेत्रों में आवास का काम नहीं हो पाया है। वेतन रोक देने से सचिवों के खर्चे प्रभावित हो गए हैं और घरेलू कामकाज पर इसका असर पड़ा है। हाल में ही एक आदेश जारी करते हुए जनपद पंचायत कोरबा, करतला, पाली, कटघोरा और पोड़ी उपरोड़ा से संबंधित 124 सचिवों के वेतन पर ब्रेक लगा दिया गया। यह कार्रवाई जिले से हुई। सूचनाओं में कहा गया कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति और समीक्षा को लेकर बैठक हुई थी। इस दौरान जानकारी सामने आई कि बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित स्वीकृत मामलों में काम पूरा नहीं हो सका। ग्रामीण क्षेत्र में इसकी संख्या ज्यादा है। माना गया कि जिन हाथों को काम करने की जिम्मेदारी दी गई थी उन्होंने रूचि नहीं ली और इसके कारण आवास पूरे नहीं हो सके। आदेश जारी होने से प्रभावित सचिव हैरान हैं। उन्होंने बताया कि पूरे मामले में उनकी कोई भूमिका ही नहीं है। दरअसल पिछली कांग्रेस सरकार ने केंद्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री आवास योजना को गंभीरता से नहीं लिया। केंद्र के 60 प्रतिशत और राज्य के 40 प्रतिशत योगदान से योजना पर काम हो रहा है। छत्तीसगढ़ के लिए स्वीकृत इकाईयों के लिए केंद्र ने पैसा तो दिया लेकिन राज्यांश देने में छत्तीसगढ़ ने रोड़े अटकाए। इसके चलते संबंधित क्षेत्रों में योजना की किस्त जारी नहीं हो सकी। इस स्थिति में पंचायतें योजना का क्रियान्वयन करती किस तरह से। इसी के चलते आवासों का काम अधूरा रह गया। सचिवों ने बताया कि उन्होंने मामले की जानकारी अपने संगठन के जरिए उच्च स्तर तक भिजवाई है और इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। पक्के आवास का मामला शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक असर डाल रहा है। बीते वर्षों में केंद्र की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे आवास दिए जा रहे थे। अब नई सरकार ने पक्के आवास देने पर काम किया है। ऐसे में भी नीतिगत कारणों से समय पर राशि उपलब्ध नहीं होने से बड़ी संख्या में आवास अधूरे छूटे हुए हैं। लोकसभा चुनाव में यह मामला भी तूल पकड़ रहा है। ऐसे में संभव है कि कोई एक इसे भुनाएगा और दूसरा दल परेशानी झेलेगा।

निर्वाचन आयोग की पहल से दिव्यांग मतदाताओं को मिल रही बड़ी राहत

कांकेर(विश्व परिवार)। लोकतंत्र के महापर्व में कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रहे, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 85 से अधिक आयु वाले एवं 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले मतदाताओं को होम वोटिंग सुविधा दी जा रही है। आयोग की इस संवेदनशील पहल से जिले के ऐसे मतदाता जो मतदान केन्द्र तक पहुंचकर वोट नहीं कर पाते, उन्हें बहुत बड़ी राहत मिल रही है। अब वे घर पर ही मतदान कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं। ऐसे ही मतदाता भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पर्रेकोड़े निवासी 21 वर्षीय कु. मधु कौड़ो भी हैं, जिन्होंने होम वोटिंग के पहले दिन 14 अप्रैल 2024 को घर पर मतदान किया। उनकी भाभी श्रीमती चमकी बाई कौड़ो ने सहायक के रूप में उन्हें मतदान करने में मदद की। श्रीमती चमकी बाई ने बताया कि मधु कौड़ो 85 प्रतिशत दिव्यांग है और बिना सहारे के चलने-फिरने और अन्य दैनिक कार्य करने में असमर्थ हैं, जिसके घर से बाहर कहीं आ-जा नहीं पाती हैं। पिछले वर्ष 2023 में विधानसभा निर्वाचन में भी वह डाकमत पत्र के जरिए पहली बार मतदान किया था। इसी प्रकार ग्राम भानुप्रतापपुर के ग्राम तमोड़ा निवासी 36 वर्षीय सुश्री दुखिया उसेण्डी 70 प्रतिशत दिव्यांग महिला मतदाता हैं, जिन्होंने पहली बार डाक मतपत्र से लोकसभा निवार्चन के लिए मतदान किया। सुश्री दुखिया उसेण्डी द्वारा डाक मतपत्र से मतदान की प्रक्रिया पूरी करने में असमर्थ होने पर मतदान दल ने इसके लिए उनके भाई परमेश्वर को सहायक के रूप में मान्य करते हुए मतदान करने में उनकी मदद की। दिव्यांग मतदाताओं के परिजनों ने घर पर ही मतदान करने की सुविधा मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्वाचन आयोग और मतदान दल के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आभार जताया। इसी तरह चारामा विकासखण्ड के ललतूनगर, नाकापारा चारामा निवासी 58 वर्षीय दिव्यांग मतदाता श्री खेमूराम देवांगन ने भी डाक मतपत्र से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान दल के सदस्यों ने आज श्री खेमूराम देवांगन के घर पहुंचकर मत की पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र से मतदान की प्रक्रिया को पूर्ण कराई।

दलालों से रहे सावधान: आसानी से बन रहे राशन कार्ड

कोरबा(विश्व परिवार)। खाद्य सुरक्षा अधिकार के अंतर्गत लोगों को खाद्यान्न की सुविधा सरकार की ओर से दी जा रही है। इसमें एपीएल और बीपीएल दोनों ही श्रेणी के लोगों को शामिल किया गया है। निर्धारित प्रक्रियाओं के साथ राशन कार्ड आसानी बन रहे हैं। कहा गया है कि लोग नए राशन कार्ड बनाने से लेकर उनमें आवश्यक संशोधन के लिए प्रक्रियाओं का पालन करें और दलालों से दूर रहें। कोरबा जिले में राशन कार्ड बनाने का काम पारदर्शिता से हो रहा है। शहरी क्षेत्र में नगरीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्र में पंचायतों को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। वर्तमान में जीवित राशन कार्डों के अलावा उन मामलों में जिनमें किसी कारण से लोग अब तक सुविधा से वंचित हैं, उन्हें लाभान्वित करने के लिए विकल्प खुले हुए हैं। बताया गया कि निकाय क्षेत्र में उपभोक्ताओं को निर्धारित प्रपत्र के साथ आवेदन करना है। पंचायत के लिए भी यही प्रक्रिया है, केवल प्लेटफार्म अलग है। नियमों की जानकारी संबंधित स्तर से लोगों को उपलब्ध करायी जा रही है। सभी बिंदुओं पर काम होने और सत्यापन के बाद संबंधित अभ्यर्थी को राशन कार्ड जारी किये जा रहे हैं। इस मामले में और किसी प्रकार की उलझन नहीं है। सूचनाएं मिली है कि विभिन्न क्षेत्रों में राशन कार्ड बनवाने के नाम पर कई बिचैलिए सक्रिय हैं जो लोगों की जानकारी की कमी होने अथवा दूसरे कारण से उन्हें झांसा देने के साथ मोटी चपत लगा रहे हैं। लगातार इस प्रकार के मामले सामने आ रहे हैं। सरकारी तंत्र ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने पारदर्शी व्यवस्था बनाकर रखी हुई है और इसके अंतर्गत दलालों की कोई भूमिका नहीं है उनसे बचकर रहें।

लोकसभा निर्वाचन-2024 : अंबेडकर जयंती पर मतदान करने की ली गई शपथ

संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं, इसी क्रम में रविवार को जिला मुख्यालय एवं विकास खण्डों में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर कार्यक्रम के आयोजन में उपस्थित सभी लोगों से स्वीप कार्यक्रम के तहत शपथ लेकर ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जागरूक रहकर मतदान करवाने की अपील की गई। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में पूर्ण आस्था रखते हुए भारत की प्रजातांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए धर्म, जाति, वर्ग, क्षेत्र एवं भाषा से भेदभाव किये बगैर तथा किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना प्रत्येक निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ ली। इसके अलावा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विगत दिवसों में गीदम, बारसूर, कटेकल्याण में भी गोंडी और हल्बी बोली में नाटक के माध्यम से महिला, नए मतदाता को वोटिंग सेंटर जाकर शत प्रतिशत मतदान करने के संबंध में बताया गया। नाटकों के माध्यम से संदेश दिया गया कि युवा वर्ग समाज में सकारात्मक बदलाव के अग्रदूत होते हैं। प्रत्येक गावं के ''युवाओं द्वारा मतदान करने एवं मतदान हेतु प्रेरित करने में बड़ी भूमिका है यही कारण है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में भी युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए युवा ना केवल स्वयं मतदान करें, बल्कि ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करें।

मतदान दलों की रवानगी तथा सामग्री वितरण से संबंधित नोडल अधिकारियों की कलेक्टर ने ली आवश्यक बैठक

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। जिला कार्यालय के डंकनी सभा कक्ष में आज कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा मतदान दलों की रवानगी तथा सामग्री वितरण से संबंधित नोडल अधिकारियों की आवश्यक बैठक आहूत की गई थी। बैठक में 16 अप्रैल को रेंडमाइजेशन, मतदान दल सूचना प्रसारण, परिचय पत्र वितरण, अतिरिक्त मतदान दल की व्यवस्था, के साथ ही सामग्री वितरण हेतु बैठक व्यवस्था, टेबल अनुसार ड्यूटी आदेश, ईवीएम लाने ले जाने के लिए प्रबंध, सामग्री प्राप्ति उपरांत मतदान कर्मियों को वाहन तक पहुंचाने, मतदान केन्द्र में ईवीएम खराब होने की स्थिति में ईवीएम बदलने, सामग्री वापसी की दौरान सेक्टर अधिकारी एवं पीठासीन अधिकारियों से आवश्यक प्रपत्रों को प्राप्त करने, टेबुलेशन प्रभारी को उपलब्ध कराने, रूट चार्ट अनुसार वाहन प्रभारी एवं पथ प्रदर्शक के ड्यूटी आदेश के संबंध में विस्तारपूर्वक कलेक्टर को जानकारी दिया गया। बैठक में बताया गया कि पिंक बूथों हेतु रिजर्व दलों में 12 अधिकारी, युवा बूथ हेतु 8, और पीडब्ल्यूडी बुथ हेतु 4 अधिकारी उपलब्ध रहेगें। इसके साथ ही 179 मतदान अधिकारी सामान्य दल हेतु उपलब्ध किया गया है। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मतदान केन्द्रों में शामियाना और पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित होनी चाहिए इसके साथ ही जिन बूथों में महिला और पुरुष मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है ऐसे बूथों को सर्वाधिक प्राथमिकता दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने मॉडल बूथों में मतदाता की सुविधा अनुरूप सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने को कहा। इस दौरान बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिषेक तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री कमल किशोर, सहित निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे।

अन्नदाता किसानों के बारे में कांग्रेस ने हमेशा बेहतर किया, इस बार भी करेंगे : ज्योत्सना महंत

कोरबा(विश्व परिवार)। कोरबा लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत द्वारा अपने सघन जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस के न्याय पत्र 2024 को प्रमुखता से रखा जा रहा है। सांसद ने उपस्थित जनसमुदाय को बताया कि कांग्रेस हमेशा से ही अन्नदाता किसानों के बारे में सोचती आई है और उनके लिए जो भी बेहतर से बेहतर हुआ है, करने की कोशिश की है। हमने वादा किया है कि केन्द्र में सरकार आने पर किसानों का पूरा कर्जा माफकरने के साथ-साथ उन्हें कृषि उपयोगी बीज से लेकर उपकरणों, ट्रैक्टर, ट्राली तक में लगने वाले सभी तरह के टैक्स से मुक्त किया जाएगा। सांसद ने कहा कि 5 साल से देशभर के किसान दिल्ली में आंदोलन पर 700 से 800 किसान बलिदान दे चुके हैं किंतु उनकी सुनवाई नहीं हो रही। कांग्रेस ने वादा किया है कि सरकार बनने के साथ ही एमएसपी लाया जाएगा। केन्द्र में जब-जब कांग्रेस की सरकार रही तब-तब किसानों का कर्जा माफ किया गया। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी तो 2 घंटे के भीतर कर्जा माफ किया और बिजली बिल हाफ की योजना अमल में लाई गई। मजदूरों को ईलाज की सुविधा के साथ-साथ परिवार की सुरक्षा के लिए बीमा का भी लाभ हम देंगे। सांसद ने कहा कि बीजेपी की सरकार ने 10 साल में कुछ नहीं किया, इस बार सरकार बदल कर देखिए, आपको अच्छा लगेगा। जनसंपर्क के दौरान सांसद का ग्रामवासियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया जाता रहा। बड़ी संख्या में स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

नुक्कड़ सभा में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री देवांगन

कोरबा(विश्व परिवार)। अंचल के एम.पी. नगर में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आज शहर की रिहायशी इलाकों की सूरत बस्तियों से भी बदतर हो चुकी है। आज शहर के जिन कॉलोनियों को निगम ने बसाया था उनमें एक की भी स्थिति सही नहीं है। लंबे समय से एम.पी. नगर के सिवरेज सिस्टम की पूरी लाइन को बदलने की मांग की जा रही है, लेकिन कांग्रेस ने सिर्फ हवाहवाई बाते ही की, कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा की भाजपा सरकार सभी कॉलोनियों का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस समस्या के निदान के लिए अब आपको मांग करने की जरूत नही पड़ेगी। इस अवसर पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, युवा मोर्चा के महामंत्री और पार्षद नरेंद्र देवांगन, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सोनू भाटिया, पूर्व पार्षद दिनेश वैष्णव, रामकुमार राठौर, कार्यकर्ता गण और आम जनमानस उपस्थित थे।

व्यापार समाचार

महंगे हो सकते हैं पेट्रोल-डीजल, ईरान और इजराइल युद्ध से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने के आसार

नई दिल्ली(एजेंसी)। इजराइल और ईरान में तनाव चरम पर है और आज तड़के ईरान ने इजराइल पर करीब 300 ड्रोन और मिसाइल से अटैक किया है। इजराइली सेना ने इस हमले की जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने कुछ ड्रोन मार गिराए। वहीं, इजराइल के आयरन डोम ने ईरान की तरफ से दागी गईं मिसाइलों को रोका। बढ़े तनाव के चलते कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती है। कच्चे तेल की कीमतें 12 अप्रैल को 1 प्रतिशत बढ़ीं। यह वृद्धि संभावित आपूर्ति व्यवधानों पर चिंताओं के चलते रही। ब्रेंट क्रूड 90.45 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ, जबकि यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड बढ़कर 85.66 डॉलर हो गया। ईरान ओपेक का तीसरा सबसे बड़ा ऑयल प्रोड्यूसर है। अगर इजराइल भी ईरान पर हमले करता है, साथ ही अमेरिकी सरकार ईरान पर प्रतिबंधों की झड़ी लगाती है तो कच्चे तेल के दाम भी रॉकेट हो जाएंगे। जानकारों की मानें तो पहले ही कच्चे तेल की सप्लाई और प्रोडक्शन दोनों की समस्या थी। अब मिडिल ईस्ट की टेंशन में ईरान का उतरना और भी ज्यादा क्राइसिस पैदा करेगा। अब दुनिया के उन तमाम देशों को महंगे कच्चे तेल के लिए तैयार रहना होगा जो अपनी जरुरत का 80 फीसदी से ज्यादा इंपोर्ट पर डिपेंड है।

हायर इंडिया ने पेश की S800QT QLED सीरीज, इमर्सिव व्यूइंग के लिए नया बेंचमार्क किया स्थापित

नई दिल्ली: लगातार 15 सालों से नंबर 1 वैश्विक प्रमुख उपकरण ब्रांड, हायर अप्लायंसेज इंडिया ने अपनी नवीनतम स्मार्ट QLED सीरीज S800QT QLED के लॉन्च की घोषणा की है। होम एंटरटेनमेंट एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन की गई इस सीरीज में 4K QLED डिस्प्ले है और यह 4 साइज 75", 65", 55" और 43" में आती है, जो सभी चैनलों पर 38,990 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगी। ऑल-न्यू QLED सीरीज एक अद्वितीय मनोरंजन अनुभव प्रदान करने, उन्नत सुविधाओं की पेशकश करने और मंत्रमुग्ध करने वाले डिजाइन तत्वों की हायर इंडिया की व्यापक प्रशंसा पर आधारित है। अपने मूल में क्वांटम डॉट तकनीक के साथ, S800QT सीरीज रंगों का एक असाधारण स्पेक्ट्रम, अविश्वसनीय रूप से शानदार विज़ुअल्स और 4K डिस्प्ले के साथ बेजोड़ स्पष्टता प्रदान करती है। यह रेवोल्यूशनरी सीरीज दृश्यात्मक रूप से आकर्षक लुक के साथ अत्याधुनिक तकनीक को एकीकृत करती है, जिसका लक्ष्य उपभोक्ताओं को अपने घर के आराम से एक अद्वितीय सिनेमाई यात्रा में डुबो देना है। हायर इंडिया के प्रेजिडेंट श्री एनएस सतीश ने कहा, हायर में, हम घरेलू मनोरंजन अनुभव को लगातार पुनर्परिभाषित करने के लिए समर्पित हैं और फीचर पैक्ड S800QT QLED सीरीज के साथ, हम अत्याधुनिक तकनीक और सौंदर्य संबंधी कुशलता का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण प्रदान कर रहे हैं। हमारा मकसद उपभोक्ताओं को ऐसी तकनीक सर्व करना है जो अपने घरों में बेजोड़ पिक्चर क्वालिटी और एक व्यापक सिनेमेटिक एक्सपीरियंस चाहते हैं। ऐसे में हायर इंडिया का लक्ष्य उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों और प्राथमिकताओं को पूरा करना है और उन्हें एक अद्वितीय होम एंटरटेनमेंट सॉल्यूशन देना है। नई QLED सीरीज का लॉन्च उपभोक्ताओं को बेस्ट टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट देने की हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करता है, जो स्टाइल और इनोवेशन को जोड़ते हैं।

रियलमी ने 15,999 रुपये के शुरुआती मूल्य सेगमेंट में सबसे अच्छी परफ़ॉर्मेंस और डिस्प्ले के साथ रियलमी पी सीरीज़ 5जी लॉन्च की

नई दिल्ली। भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने अपनी लेटेस्ट रियलमी पी सीरीज़ में 5जी स्मार्टफोन - रियलमी पी1 प्रो 5जी और रियलमी पी1 5जी लॉन्च किए हैं। ये दोनों अत्याधुनिक डिवाइस अपनी शानदार परफ़ॉर्मेंस और असाधारण यूज़र अनुभव के साथ मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचा देंगी। ये भारतीय ग्राहकों को फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगी। नई पी सीरीज़ के साथ रियलमी अपना रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च करेगा। नई रियलमी पी सीरीज 5जी परफ़ॉर्मेंस और डिस्प्ले के मामले में सर्वश्रेष्ठ होने के साथ शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है। इन स्मार्टफोन्स का डिज़ाइन रियलमी के डीएनए के अनुरूप बोल्ड और बाजार में नया है, जो यूज़र्स को मोहित कर देगा। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, हमें रियलमी पी सीरीज़ 5जी पेश करने की खुशी है। यह स्मार्टफोन उद्योग में परफ़ॉर्मेंस के नए मानक स्थापित कर देगा। रियलमी पी सीरीज़ 5जी के साथ हमने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और आधुनिक फीचर्स पेश किए हैं, जो मिड-रेंज सेगमेंट की परिभाषा बदल देंगे। साथ ही हमने नई पी सीरीज़ के साथ रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च किए हैं। हमारा मानना है कि ये स्मार्टफोन और एआईओटी उत्पाद इनोवेटिव और ट्रेंडसेटिंग स्मार्टफोन पेश करने वाले ब्रांड के रूप में हमारी प्रतिष्ठा को बढ़ाएंगे। हम इस साल नई पी सीरीज़ के लॉन्च के साथ फ्लिपकार्ट पर 50 मिलियन बिक्री का आंकड़ा छूना चाहते हैं।

मोटोरोला ने लॉन्च किया moto g64 5G

नईदिल्ली। भारत के सर्वश्रेष्ठ ##5G स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज moto g64 5G के लॉन्च की घोषणा की, जो इस सेगमेंट का सबसे शानदार ##5G स्मार्टफोन है। moto g64 5G ने दुनिया के पहले MediaTek™ Dimensity 7025 प्रोसेसर और इस सेगमेंट की सबसे दमदार 6000mAh बैटरी के अलावा सेगमेंट के सबसे बेहतर शेक फ्री 50MP OIS कैमरे और Quad Pi&el टेक्नोलॉजी के साथ 15 हजार से कम कीमत वाले स्मार्टफोन बाजार में धूम मचा दी है, क्योंकि यह स्मार्टफोन सिर्फ14,999 रुपये (ऑफ़र के साथ सिर्फ 13,999 रुपये) की कीमत पर उपलब्ध है। सबसे बेहतर प्रोसेसर, बैटरी और कैमरे जैसी खूबियों के अलावा, यह इस सेगमेंट में सबसे शानदार 12GB RAM + 256GB स्टोरेज वाला स्मार्टफोन भी है, जिसकी कीमत सिर्फ16,999 रुपये (ऑफर के साथ सिर्फ 15,999 रुपये) है।

शिमरोन की शानदार बल्लेबाजी से राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को 3 विकेट से हराया

मुल्लांपुर(एजेंसी)। महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल 2024 के मैच में राजस्थान रॉयल्स के लिए मुश्किल समय में शिमरोन हेटमायर ने 10 गेंदों में नाबाद 27 रनों की शानदार पारी खेली। कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर बनी रही। पीबीकेएस को 20 ओवरों में 147/8 पर सीमित करने के बाद आरआर टीम तब मुश्किल में पड़ गई, जब रियान पराग के गिरने के बाद हेटमायर आए और ध्रुव जुरेल को भी आउट होते देखा। बढ़ते दबाव में हेटमायर ने एक गेंद शेष रहते आरआर को लाइन पर लाने के लिए विजयी चौका सहित तीन छक्के लगाए। दोनों टीमों के बीच आखिरी ओवर के एक और मुकाबले में आरआर को करीबी जीत दिलाने में रोवमैन पॉवेल ने भी पांच गेंदों में महत्वपूर्ण 11 रन बनाकर उनकी मदद की। 148 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए टी20 में पहली बार सलामी बल्लेबाज के रूप में खेल रहे तनुश कोटियन ने अर्शदीप सिंह की गेंद पर बैकवर्ड पॉइंट पर कट लगाकर शानदार शुरुआत की और तेज गेंदबाज की गेंद पर एक और चौका लगाया। दूसरे छोर से यशस्वी जयसवाल ने अपने फ्लिक को सही समय पर चलाया और दो चौके लेने के लिए अच्छी ड्राइव की। हालांकि कोटियन को कैगिसो रबाडा को मिड-ऑन पर चार रन के लिए आउट करने के बावजूद आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जयसवाल ने सैम कुरेन की गेंद को काट दिया और मिसफील्ड के कारण उन्हें दो चौके लेने में भी मदद मिली। आरआर ने पहली बार आईपीएल 2024 के पावर-प्ले में एक भी विकेट नहीं खोया। संजू सैमसन ने लिविंगस्टोन की गेंदों पर छक्के और चौके लगाकर आरआर के लक्ष्य का पीछा करने में सकारात्मक भूमिका निभाई। रबाडा को वापस लाने के लिए पीबीकेएस की चाल जसीवाल के रूप में काम कर गई, जो बढ़ती डिलीवरी पर अपर-कट था, लेकिन थर्ड मैन ने उसे पकड़ लिया और अपने अगले ओवर में सैमसन को एलबीडब्ल्यू कर दिया।

एक्स की सख्ती: नीति उल्लंघन करने वाले भारत में 2 लाख से ज्यादा खातों पर प्रतिबंध लगाया

नई दिल्ली(एजेंसी)। एलन मस्क द्वारा संचालित एक्स कॉर्प ने 26 फरवरी से 25 मार्च के बीच भारत में रिकॉर्ड 2,12,627 खातों पर प्रतिबंध लगा दिया, जो ज्यादातर बाल यौन शोषण और गैर-सहमति नग्नता को बढ़ावा देने के लिए थे। माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने देश में अपने प्लेटफॉर्म पर आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए 1,235 खातों को भी हटा दिया। कुल मिलाकर, एक्स ने देश में समीक्षाधीन अवधि में 213,862 खातों पर प्रतिबंध लगा दिया। एक्स ने नए आईटी नियम, 2021 के अनुपालन में अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि उसे अपने शिकायत निवारण तंत्र के जरिए एक ही समय-सीमा में

भारत में उपयोगकर्ताओं से 5,158 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसके अलावा, एक्स ने 86 ऐसी शिकायतों पर कार्रवाई की, जिनमें खाता निलंबन के खिलाफ अपील की गई थी। कंपनी ने कहा, स्थिति की बारीकियों की समीक्षा करने के बाद हमने इनमें से 7 खातों के निलंबन को पलट दिया। बाकी रिपोर्ट किए गए खाते निलंबित रहेंगे। इसमें कहा गया है, हमें इस रिपोर्टिंग अवधि के दौरान खातों के बारे में आम सवालों से संबंधित 29 अनुरोध मिले। भारत से ज्यादातर शिकायतें (3,074) प्रतिबंध को टालने के बारे में थीं। इसके बाद संवेदनशील वयस्क सामग्री (953), घृणित आचरण (412) और दुर्व्यवहार/उत्पीड़न (359) थीं। एक्स ने 26 जनवरी से 25 फरवरी के बीच भारत में 5,06,173 अकाउंट पर प्रतिबंध लगा दिया। माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने देश में अपने प्लेटफॉर्म पर आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले 1,982 खातों को भी हटा दिया।

दालों की कीमतों में कमी लाने के लिए सरकार ने व्यापारियों को दी चेतावनी, कहा- जमाखोरों से सख्ती से निपटा जाएगा

नई दिल्ली(एजेंसी)। दालों की कीमतों में कमी लाने के लिए सरकार ने व्यापारियों को चेतावनी दी है कि दालों के वायदा व्यापार में शामिल पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत सख्ती से निपटा जाएगा। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव निधि खरे ने 15 अप्रैल से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन के लिए दाल उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ हुई बातचीत के दौरान व्यापारियों को यह संदेश दिया। सरकार घरेलू बाजार में कीमतें कम करने के लिए म्यांमार से दालों के अधिक आयात की भी व्यवस्था कर रही है। सरकार खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए कई कदम

उठा रही है। इसी का परिणाम है कि मार्च में सीपीआई मुद्रास्फीति नौ महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई। दालों की कीमतों में वृद्धि धीमी हो गई है, लेकिन यह अभी भी 17.7 प्रतिशत पर है। निधि खरे ने यांगून में भारतीय मिशन के साथ म्यांमार से दालों के आयात से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। भारतीय मिशन ने बताया कि व्यापार लेनदेन को सरल बनाने और उन्हें अधिक कुशल बनाने के लिए 25 जनवरी, 2024 से रुपया-क्यात निपटान तंत्र चालू कर दिया गया है।

हेल्थ ड्रिंक्स के नाम पर बेचे जा रहे उत्पादों को लेकर सरकार सख्त, जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली(एजेंसी)। बच्चों की ग्रोथ बढ़ाने का दावा करने वाले बॉर्नविटा जैसे तमाम हेल्थ ड्रिंक्स बाजार और ई-कॉमर्स वेबसाइट्स पर उपलब्ध हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि ऐसे हेल्थ ड्रिंक्स वाकई में आपके बच्चों के लिए सेहतमंद हैं या नहीं? अब, भारत सरकार ने हेल्थ ड्रिंक्स के नाम पर बेवरेज बेचने को लेकर ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। दरअसल, बाजार में अब बॉर्नविटा जैसे तमाम ड्रिंक्स ई-कॉमर्स साइट पर हेल्थ ड्रिंक्स के नाम से नहीं बेचे जा सकेंगे। हेल्थ ड्रिंक्स पर उद्योग मंत्रालय ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों को एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें बताया गया है कि बॉर्नविटा और दूसरे बेवरेज को हेल्थ ड्रिंक्स कैटेगरी में नहीं

रखा जाए। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों को वेबसाइट से बॉर्नविटा सहित सभी बेवरेज को 'हेल्थ ड्रिंक्स कैटेगरी' से हटाने को कहा है। एडवाइजरी में बताया गया है कि विभाग के संज्ञान में आया है कि बॉर्नविटा सहित कुछ पेय पदार्थों को ई-कॉमर्स साइटों और प्लेटफार्म्स पर 'हेल्थ ड्रिंक' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने अपनी जांच के बाद पाया कि फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स कानून के तहत 'हेल्थ ड्रिंक्स' की कोई परिभाषा नहीं है। इसे ध्यान में रखते हुए ई-कॉमर्स कंपनियों और वेबसाइट्स को सलाह दी जाती है कि वे अपने प्लेटफॉर्म्स से बॉर्नविटा सहित बेवरेज को 'हेल्थ ड्रिंक्स' की कैटेगरी से हटा दें। मालूम हो कि एनसीपीसीआर ने चिट्ठी लिखकर बॉर्नविटा जैसे तमाम हेल्थ ड्रिंक्स और बेवरेज को बच्चों की हेल्थ के लिए नुकसानदेह बताया था। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की जांच रिपोर्ट आने के बाद डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) ने चिट्ठी लिखकर एडवाइजरी जारी की है।

महिंद्रा ने लॉन्च किया बोलेरो नियो+, कीमत 11.39 लाख से शुरू

मुंबई: भारत की अग्रणी एसयूवी विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज बोलेरो नियो+ 9-सीटर का अनावरण किया, जिसे दो वेरिएंट- पी4 और प्रीमियम पी10 में पेश किया गया है। इस एसयूवी को स्टाइलिश, विशाल और मज़बूत एसयूवी चाहने वाले ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है, जिसमें ड्राइवर सहित 9 यात्री आराम से बैठ सकते हैं। बोलेरो नियो+ 9-सीटर बोलेरो के भरोसेमंद, शक्तिशाली और 'कहीं भी जाएं' वाली विशेषता पर आधारित है, जो नियो के स्टाइलिश बोल्ड डिज़ाइन, प्रीमियम इंटीरियर और प्रौद्योगिकी से लैस है। एसयूवी ग्राहकों को बड़े परिवारों, संस्थागत ग्राहकों, टूर एवं ट्रैवल ऑपरेटर और कंपनियों को पट्टे पर वाहन देने वाले कांट्रेक्टर के लिए अनूठी पेशकश करती है। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी ङ्क वाहन खंड, नलिनीकांत गोल्लगुंटा ने कहा, बोलेरो ब्रांड वर्षों से हमारे ग्राहकों के लिए मज़बूती और विश्वसनीयता की मिसाल बन गया है, जो लगातार उम्मीद से अधिक प्रदर्शन कर रहा है। बोलेरो नियो+ के लॉन्च के साथ, हम टिकाउपन, उन्नत सुविधाओं और बेहतर आराम का वादा कर रहे हैं जो हर परिवार और बेड़े के मालिक के लिए ड्राइविंग अनुभव को समान रूप से समृद्ध करता है।

कहीं भी जाने की क्षमता के साथ शक्तिशाली: बोलेरो नियो+ मजबूत 2.2 लीटर एमहॉक डीजल इंजन से लैस है, जिसमें उत्कृष्ट ईंधन दक्षता और प्रदर्शन के लिए माइक्रो-हाइब्रिड प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हुआ। इसका बॉडी-ऑन-फ्रेम निर्माण और उच्च शक्ति वाला स्टील बॉडी शेल टिकाउपन और सुरक्षा के लिए डिज़ाइन किया गया है। एसयूवी ईबीडी के साथ एबीएस, डुअल एयरबैग, आईएसओफिक्स चाइल्ड सीट, इंजन इमोबिलाइज़र और ऑटोमैटिक डोर लॉक सहित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ आता है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई इनोवा हाईक्रॉस पेट्रोल जीएक्स (ओ) ग्रेड पेश की

बेंगलुरु : ग्राहक-सबसे पहले की अपनी संस्कृति और उनकी आवश्यकताओं का ख्याल रखते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इनोवा हाईक्रॉस जीएक्स (ओ) पेट्रोल संस्करण में एक नए ग्रेड की शुरुआत की घोषणा की। इनोवा हाइक्रॉस लाइन-अप का नवीनतम संयोजन10 से अधिक उन्नत आराम और प्रौद्योगिकी सुविधाओं का दावा करता है, जिससे उन ग्राहकों के लिए मूल्य प्रस्ताव का स्तर बढ़ जाता है जो अधिक की तलाश में हैं। इनोवा हाईक्रॉस जीएक्स (ओ) ग्रेड की बुकिंग खुली हुई है और डिलीवरी 15 अप्रैल 2024 से शुरू होने की उम्मीद है।

इनोवा हाईक्रॉस पेट्रोल जीएक्स (ओ) पेट्रोल रूपांतर की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं:

रीएनर्जाइज्ड एक्सटीरियर - फ्रंट एलईडी फॉग लैंप, फ्रंट और रियर पार्किंग सेंसर, रियर डिफॉगर

बेहतर आराम - चेस्टनट थीम वाले इंटीरियर, डैशबोर्ड और डोर पैनल में सॉफ्ट टच सामग्री, मिड-ग्रेड फैब्रिक सीटें और रियर सनशेड*

परिष्कृत सुविधा - ऑटो एसी, 10.1 इंफोटेनमेंट सिस्टम*, वायरलेस एप्पल कारप्ले, पैनोरमिक व्यू मॉनिटर

जीएक्स (ओ) ग्रेड 7 और 8 सीट वाले विकल्पों में पेश किया गया है। यह सात गतिशील रंगों में उपलब्ध है - ब्लैकिश एजहा ग्लास फ्लेक, प्लैटिनम व्हाइट पर्ल, एटीट्यूड ब्लैक मीका, स्पार्कलिंग ब्लैक पर्ल क्रिस्टल शाइन, सिल्वर मेटालिक, सुपर व्हाइट और अवंत गार्डे ब्रोन्ज मेटैलिक।

नई पेशकश पर टिप्पणी करते हुए, श्री सबरी मनोहर ङ्क वाइस प्रेसिडेंट, बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा, टीकेएम में, हम लगातार बाजार की जरूरतों को सुन रहे हैं और इस प्रकार यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम जो भी वाहन पेश करते हैं वह हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप हो। नई इनोवा हाईक्रॉस पेट्रोल जीएक्स (ओ) ग्रेड इस दर्शन का एक प्रमाण है जो विलासिता और दक्षता की भावना को सावधानीपूर्वक मिश्रित करते हुए बेहतर आराम और उन्नत तकनीक प्रदान करता है। जबकि प्रदर्शन शीर्ष श्रेणी का बना हुआ है, 10+ फीचर्स उन ग्राहकों के साथ दृढ़ता से प्रतिध्वनित होने की उम्मीद है जो अपनी विकसित जीवनशैली आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से एक आकर्षक प्रस्ताव के साथ पूरी तरह से लोडेड पेट्रोल रूपांतर की तलाश में हैं।

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में ग्राहकों को एयरटेल के नेटवर्क पर मिल रहा है सबसे अच्छा वीडियो स्ट्रीमिंग एक्सपीरियंस : ओपन सिग्नल

इंदौर: नेटवर्क और कस्टमर के अनुभवों को स्वतंत्र रूप से मानकों पर परखने वाली कंपनी ओपन सिग्नल ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में एयरटेल को 5त्न नेटवर्क पर सबसे अच्छे वीडियो अनुभव के लिए अवार्ड दिया है।

ओपन सिग्नल सही मायनों में मोबाइल प्रयोग करने वाले ग्राहकों के अनुभव को समझने का सटीक पैमाना है। एयरटेल ने लाइव और ऑन-डिमांड वीडियो स्ट्रीमिंग दोनों में सबसे अच्छा और बिना किसी रुकावट के एक्सपीरियंस दिया है और 5जी वीडियो स्ट्रीमिंग अनुभव के मामले में चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसके अलावा, कंपनी वॉयस एप एक्सपीरियंस में भी सबसे आगे है, मल्टीप्लेयर मोबाइल गेम खेलने और ओटीटी वॉयस सर्विसेज का इस्तेमाल करने के लिए बिना किसी रुकावट के कनेक्शन प्रदान करती है। एयरटेल ने देश भर में विजयी 25.1 एमबीपीएस स्कोर के साथ 5त्न अपलोड स्पीड का अवॉर्ड भी जीता है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, बुधवार 17 अप्रैल 2024

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया राम भजन गीत के पोस्टर विमोचन

रायपुर (आरएनएस)। मंगलवार को छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राम भजन गीत के पोस्टर का विमोचन किया। इस गीत का शीर्षक है राम आ गए हैं त्रेता युग आ गया है गीत की रचना लुकेश ठाकुर ने की है। मूलतः धमतरी के रहने वाले लुकेश ठाकुर ने इस राम भजन को लिखा भी है और इसमें अपनी आवाज भी दी है। एक दिन पूर्व रिलीज हुए इस गीत को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। आज अपने निवास में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस गीत के पोस्टर का विमोचन किया।

संक्षिप्त समाचार

बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग में राजभाषा अभिप्रेरणा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। दिनांक 15.04.2024 को बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्ग में क्षेत्रीय प्रमुख अनंत माधव सर की अध्यक्षता में राजभाषा अभिप्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सौमिक डे, नराकास, भिलाई, सदस्य सचिव आमंत्रित थे। इस कार्यक्रम के दौरान नराकास भिलाई के तत्वधान में आयोजित प्रतियोगिता तथा बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। उप क्षेत्रीय प्रमुख महोदय के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय में मनाया गया स्थापना दिवस

रायपुर (विश्व परिवार)। मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय का 20 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय स्थित कुशाभाऊ ठाकरे की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। गौरतलब है कि कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ का पहला पत्रकारिता एवं जनसंचार विषयों पर केंद्रित विश्वविद्यालय है। इस विश्वविद्यालय का उदघाटन 16 अप्रैल 2005 को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी ने किया था। यहां पत्रकारिता एवं जनसंचार से संबंधित पाठ्यक्रम बीए (जेएमसी), बीएससी (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया) एमजे, एमएससी (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया), एमए (एपीआर) एवं एमए (एमसी) सहित डिप्लोमा कोर्स संचालित हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी, उपकुलसचिव श्री सौरभ शर्मा, एसोसिएट प्राध्यापक श्री पंकज नयन पाण्डेय, डॉ. आशुतोष मंडावी, डॉ. राजेंद्र मोहंती, डॉ. नृपेन्द्र शर्मा समेत समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

लोकसभा निर्वाचन-2024 : छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के मतदान के लिए मतदान दलों की रवानगी शुरू

संवेदनशील क्षेत्रों में हेलीकॉप्टर से भेजे जा रहे हैं मतदान दल

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ में लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत प्रथम चरण के मतदान के लिए बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आज मतदान दलों को हेलीकाप्टर से मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया।

बस्तर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत जिला बीजापुर, सुकमा एवं नारायणपुर में आज 56 मतदान दलों को हेलीकाप्टर से रवाना किया गया। 17 अप्रैल को जिला बीजापुर, सुकमा, कोंडागांव, दंतेवाड़ा एवम नारायणपुर में 100 मतदान दलों को हेलीकाप्टर के माध्यम से रवाना किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में मतदान की तिथि 19 अप्रैल 2024 और मतगणना तिथि 4 जून 2024 है।

राजनांदगाँव-कलमना रेल खंड के बीच में तीसरी रेलवे लाइन का कार्य, कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित

रायपुर (विश्व परिवार)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर रेल मंडल के राजनांदगाँव -कलमना रेल खंड के बीच में तीसरी लाइन को सालेकसा रेलवे स्टेशन से जोडने का कार्य के लिए इलेक्ट्रोनिक इंटरलोकिंग का कार्य किया जाएगा। इस इलेक्ट्रोनिक इंटरलोंकिंग कार्य में नॉन इंटरलोंकिंग का कार्य दिनांक 27 से 30 अप्रैल, 2024 तक किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को रद्द एवं कुछ को गंतव्य से पहले समाप्त एवं रवाना किया जाएगा, जिसकी जानकारी इस प्रकार है-

रदद होने वाली गाड़ियां- दिनांक 27 से 30 अप्रैल, 2024 तक दुर्ग से छूटने वाली 08741 दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 28 अप्रैल से 01 मई, 2024 तक गोंदिया से छूटने वाली 08742 गोंदिया-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 27 से 30 अप्रैल, 2024 तक गोंदिया से छूटने वाली 08743 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 28 अप्रैल से 01 मई, 2024 तक इतवारी से छूटने वाली 08744 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 27 से 30 अप्रैल, 2024 तक डोंगरगढ़ से छूटने वाली 08711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 27 से 30 अप्रैल, 2024 तक गोंदिया से छूटने वाली 08712 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 27 से 30 अप्रैल, 2024 तक गोंदिया से छूटने वाली 08713 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 27 से 30 अप्रैल, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 08716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 27 से 30 अप्रैल, 2024 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 08756 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)- रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 27 से 30 अप्रैल, 2024 तक रामटेक से छूटने वाली 08751 रामटेक- नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 27 से 30 अप्रैल, 2024 तक इतवारी से छूटने वाली 08754 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 27 से 30 अप्रैल, 2024 तक रामटेक से छूटने वाली 08755 रामटेक-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 27 से 30 अप्रैल, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 08714 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-बालाघाट मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 27 से 30 अप्रैल, 2024 को बालाघाट से छूटने वाली 08715 बालाघाट-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है तथा सहयोग की आशा करता है।

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो या धारा 370 हटाना भाजपा ने अपने संकल्पों को पूरा किया है : भावना बोहरा

पंडरिया (विश्व परिवार)। पंडरिया विधानसभा से भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार लोकसभा हेतु चुनाव प्रचार किया जा रहा है। मंगलवार को भावना बोहरा ने कुंडा मंडल के अंतर्गत ग्राम सैहामालगी, कोदवा, गोबर्रा, मौहामड़वा, दामापुर एवं पंवरजली में जनसंपर्क किया और क्षेत्रवासियों से भेंट कर उन्हें केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश भाजपा सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।

छत्तीसगढ़ की जनता लोकसभा चुनाव में सभी 11 सीटों पर मोदी जी को अपना आशीर्वाद देने संकल्पित है : पंडरिया विधायक

भावना बोहरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो संकल्प करती है उसे पूरा करके दिखाती है, अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर का निर्माण हो या जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना हो। भाजपा ने अपनी कुशल नीतियों से इन संकल्पों को पूरा करके दिखाया है। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार का कार्यकाल देखें तो वह उपलब्धियों से भरा रहा है। तीन तलाक कानून, महिला आरक्षण बिल जैसे बड़े निर्णयों के साथ ही हमारे धार्मिक व सांस्कृतिक स्थलों का भी अभूतपूर्व विकास हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जारी घोषणा पत्र में अगले पांच वर्षों में विकसित व आत्मनिर्भर भारत की झलक दिखने के साथ ही भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प भी है।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार के नेतृत्व में हमारे राजनांदगांव लोकसभा ने भी अभूतपूर्व तरक्की की है। प्रसाद योजना के तहत माँ बमलेश्वरी मंदिर के सौन्दर्यीकरण, अमृत मिशन भारत योजना के तहत डोंगरगढ़ व राजनांदगांव रेलवे स्टेशन का विकास, सोलर प्लांट, वन्दे भारत एक्प्रेस और छत्तीसगढ़ के पहले दिव्यांगजनों के लिए सीआरसी सेंटर की स्थापना जैसे कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी द्वारा भी डोंगरगढ़ से कटघोरा तक रेल लाइन के निर्माण हेतु स्वीकृति देने जैसे कार्यों से अब केवल हमारे राजनांदगांव लोकसभा ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के विकास को भी डबल इंजन की रफ़्तार मिल रही है। आज महतारी वंदन योजना के माध्यम से हमारी माताएं-बहनें आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। किसान सम्मान निधि से किसानों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। दो वर्ष का बकाया बोनस देने का निर्णय हो या 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी हमारी डबल इंजन की भाजपा सरकार अपने वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं सभी से आग्रह करती हूँ कि छत्तीसगढ़ में होने वाले लोकसभा चुनाव में कमल निशान में बटन दबाकर अधिक से अधिक मतदान करें और सभी 11 सीटों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को प्रचंड मतों से जिताकर फिर से भारत के विकास में अपनी सहभागिता निभाएं।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान

कटे होंठ व तालु का नि:शुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

38 दिन का तुम्हारा जीवन और आभार का एक आंसू...

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को गर्भ से ही आहार देकर स्वर्ग सिधार गई मौली

अहिंसा धर्म के परिपालन की परीक्षा में विश्व परिवार पास

प्यारी बेटी मौली... मात्र 38 दिन जीवित रहकर तुमने चिरनिद्रा ले ली है, तुम्हारा चले जाना हम सबको साल रहा है, तुम्हारा गर्भ में आना फिर पांचवें महीने में ही डॉक्टरों का यह कहना कि गर्भपात करा दीजिए बच्चे के हृदय में कमी है..! बच्चा जीवित रहा तो पूरे जीवन आप सभी परेशान रहेंगे, बार-बार के ऑपरेशन, इन्फेक्शन और तमाम कमियां होंगी, रायपुर फिर दिल्ली के बड़े से बड़े चिकित्सक यही सलाह दे रहे थे।

तुम्हारे पिता चि. प्रियेश एवं मां श्रीमती सिल्की के साथ हम सब की यह परीक्षा की घड़ी थी, बेटा हम तुम्हें बताना चाहते हैं कि डॉक्टरों की सलाह से हम सब बेचैन तो थे लेकिन उसे मानने को कतई तैयार नहीं थे, आखिर किसी आगंतुक परिजन को आने से हम कैसे रोक सकते थे ? हम तो प्रार्थना कर रहे थे कि जो भी होगा देखा जाएगा, यह तो सिद्ध हो गया है कि जब तुम मां के पेट में साढे 5 माह की थी तो हमारे कुल की रोशनी ब्रह्मचारणी डॉ. जीतिका दीदी ने परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के पास तुम्हारी मां पिता दादा दादी को ले जाकर पूरी बात बताई थी, आचार्य श्री ने कहा था भोजन ही औषधि है, गर्भपात नहीं करने का निर्णय सर्वोत्तम है। अगले दिन उन्होंने वह अवसर दे दिया जो कि उनकी सामर्थ्य में था, आचार्य श्री डोंगरगढ़ में 12 दिन से लग रहे विश्व परिवार के चौके में 19 अक्टूबर 2023 को पढ़गाहन करने पर पधारे, और सिल्की के बहाने से पेट में पल रही तुम्हें आहार देने का महानतम सौभाग्य दे दिया, देखने में तो ऐसा आता है कि 80 वर्ष के लोग जीवन में एक बार भी आचार्य श्री के कर कमल पर एक ग्रास नहीं रख सके थे ,तुमने मां से जुड़कर उन्हें आहार कराया और बदले में उसी दिन स्वर्ग की आयु का रास्ता भी प्रशस्त कर लिया। यही कारण है कि उसी दिन से तुम्हारे मां पिता अभिषेक पूजन विश्व शांति महायज्ञ बढ़-चढ़कर कर रहे थे। जिसका श्रवण व अनुमोदन तुम मां के गर्भ में बैठकर करती रही हो। शास्त्रों में आया है कि गर्भावस्था शिशु उल्टा लटका रहता है तो वहीं गर्भ से बाहर आने पर अनेक कष्ट का अनुभव करता है, इन परिस्थितियों में तुमने भगवान का स्मरण बनाए रखा, सचमुच तुमने महान पुण्य से मनुष्य जन्म तो प्राप्त किया अलबत्ता किसी कर्म की उदय से मात्र 38 दिन का जीवन....।

22 फरवरी को जब तुम धरती पर नहीं नन्ही ही परी के रूप में आई तो विश्व परिवार झांसी रायपुर हंसा था, तुम्हारे आने पर घर में खुशियां छाई थीं, बधाईयों की बरसात भी हुई थी, अस्पताल से घर आई तो बुआ, चाचा, चाची ने घर सजा दिया था, लेकिन दो दिन बाद ही तुम्हारी तबीयत बिगड़ी और फिर एम्स रायपुर में भर्ती करना पड़ा और मैं और तुम्हारी चाची दादी डॉक्टर राखी झांसी से रायपुर निकली तभी रास्ते में पता चला कि तुम अस्पताल में भर्ती कर दी गई हो और आईसीयू में हो हम क्या करते हैं हमारे हाथ में था ही क्या सिर्फ भगवान से प्रार्थना करने के हृदय रोग के महान विशेषज्ञ डॉक्टर जी सौरभ और उनकी टीम ने भी तुम्हारे मर्ज को चुनौती के रूप में लिया था खूब सेवा की चिकित्सा के सारे आधुनिक संसाधन जुटा दिए गए थे तुम्हारी तबीयत कुछ ठीक हो चली थी केवल तुम्हारे पापा मम्मी को तुम तक पहुंच पाने की छूट थी वह तुम्हारे पैर दबाते लोरियां सुनाते और णमोकार महामंत्र का स्मरण करते रहे, हां तुम यह सब सुनकर आंखें खोल और एहसास कराती कि तुम सब सुन रही हो। 27 अप्रैल 2024 को डॉक्टर जी सौरभ उनकी लगभग 15 चिकित्सकीय टीम ने तुम्हारा हृदय का ऑपरेशन करना तय किया और सुबह 8 बजे रात्रि 11 तक हम देखते रहे कि डाक्टर व उनकी टीम सतत लगी रही ,मानवीय मूल्य से भरे डॉक्टर जी सौरभ ने तो पूरी रात तुम पर नजर रखकर प्रयास किया।

गर्भपात से बचने का अमर संदेश दे गई नन्हीं परी

दैनिक विश्व परिवार के प्रधान संपादक, विश्व परिवार प्रकाशन के निदेशक व प्रेस काउंसिल आफ इंडिया के सदस्य रहे श्री प्रदीप जैन के सुपुत्र चि. प्रियेश कि वह पुत्री जो गर्भ से ही जल्दी जाने की सूचना देती हुई आ रही थी, उसने अपने छोटे से जीवन में बहुत कुछ अर्जित किया और कवि की यह पंक्तियां कि-

किसी की चार दिन की जिंदगी
सौ काम करती है
किसी की 100 बरस की जिंदगी
में कुछ नहीं होता

को चरितार्थ करते हुए वह मात्र 38 दिन में विदा ले गई, और दे गई मनुष्य जीवन को सार्थक करने के कई संदेश...

30 मार्च की रात्रि 10:30 बजे तुम्हें हिचकी आने लगी थी डॉक्टर की टीम ने तुम्हारे मां पिता को बुलाकर बताया की स्थिति चिंताजनक हो गई है ,तभी आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज आचार्य श्री सुनील सागर जी सहित साधु संतों त्यागी वृतियों की शुभकामनाओं से तुम्हारे पापा को स्मरण हो आया और उन्होंने तुम्हें संबोधन देना शुरू कर दिया इस युग में एक पिता अपनी बेटी को चारों प्रकार के आहार का त्याग कराए और पंच परमेश्वर की शरण प्राप्त कराने णमोकार महामंत्र का स्मरण कराए यह पिता की परीक्षा की घड़ी और तुम्हारे जन्म दिन जन्मांतरों के पुण्य कर्मों का फल ही था, तुम्हारे मां पिता जहां तक एकओर विधि के विधान के आगे साहस करके तुम्हें धर्म श्रवण करा रहे थी तो वही तुम्हारे दादा-दादी, चाचा चाचा और मित्र परिजन तुम्हारे कक्षा के बाहर खड़े होकर तुम्हारे कल्याण की भावना कर रहे थे।

30 मार्च की रात 9.30 बजे मुझे एक झटका सा लगा और एहसास हुआ कि हमारे बीच से कोई हमेशा के लिए चला गया है, रात्रि 12 बजे मैं सोने चला गया, रात्रि 1.45 पर चि. अतिशय ने मेरे कक्ष में आकर बताया कि ताऊजी (श्री प्रदीप जैन) का फोन आया है की गुड़िया हमेशा के लिए चली गई है । उसके बाद जो हुआ वह मैं तुमसे कैसे कहूं तुम्हें मैं भी कष्ट होगा, हां अपने बड़े भाई प्रदीप जी चि. प्रियेश, प्रसंग से बात की और अहिंसा धर्म की परिपालन, जीव रक्षा का पुरुषार्थ और जैन धर्म के सिद्धांतों की प्रबल परीक्षा में हम सब पास हो गए हैं यह अनुभव कराया।

सुबह होते ही अपनी मां और तुम्हारी परदादी को लेकर रायपुर पहुंचा तो तुम्हारे पापा चि. प्रियेश ने बताया कि अंतिम समय में सिल्की ने जब तुम्हारी माथे पर हाथ रखा और तुमने अपनी मां को एकटक निहारा, 38 दिन के बच्चों में बोलने की सामर्थ कहां होती है ? तभी तो तुमने अपनी आंख के किनारे से एक आंसू लुड़का कर मां पिता परिजनों की सेवा से ऋण होने का पुरुषार्थ कर डाला। वह आंसू क्या निकला की आत्मा के सारे प्रदेश एकत्रित होकर आंख के मार्ग से विदा हो गए।

चिकित्सक मौन हो गए, लौकिक जगत के अनुसार सबकी मेहनत पर पानी फिर गया, अलबत्ता मनुष्य जीवन छोड़ तुम स्वर्ग में पहुंच गई हो, इसमें संदेह नहीं है क्योंकि युग संत को आहार, दर्जनों शांति विधान, सामायिक, स्वाध्याय और अंत में चारों प्रकार के आहार का त्याग, यह तो बिरलों को ही मिलता है। विन्यांजलि, श्रद्धांजलि लिखता रहा हूं ,यह भावांजलि एक पत्र के रूप में लिख रहा हूं तुम्हारे दादा जी ने तुम्हारा नाम मौली दिया है, स्वर्ग में कुछ समय निकालकर यह पत्र और श्रद्धेय ब्रह्मचारी भैया सुनील जी, डा.राखी जी, डॉ. नीना जी समेत सबके भाव पढ़ लेना और कैसी भी परिस्थिति में कोई गर्भपात नहीं कराए कठिन से कठिन परिस्थिति में भी हर एक शिशु अपना जीवन हासिल कर सके, तो मैं मानूंगा कि हम अहिंसा धर्म की परीक्षा में पास हुए, तुम्हारा जीवन सभी गर्भणी माताओं को प्रेरणा दे, कोई गर्भपात न कराए यही परमात्मा से प्रार्थना है। बकौल डॉ. जी सौरभ जी, बिटिया बहुत मजबूती के साथ मौत से जंग लड़ी है, फिर.........बस इतना ही साथ था हमारा... विश्व परिवार की अति अल्पकालिक मेहमान....! हमारे या विश्व परिवार के किसी भी सदस्य के द्वारा तुम्हारे प्रति कोई भी भूल हो, उसके लिए हम सभी क्षमा याचना करते हैं।

-प्रवीण कुमार जैन
दादा चाचा

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354